CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 193 | राजनांदगांव, सोमवार 01 जून 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




# आरसीबी लगातार दूसरी बार बनी आईपीएल चैम्पियनः गुजरात को फाइनल में 5 विकेट से रौंदा, कोहली-रसिक जीत के हीरो

अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने रविवार को आईपीएल 2026 का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 12 गेंद शेष रहते हुए गुजरात की टीम को 5 विकेट से हराया.

बेंगलुरु की बैक टू बैक दूसरी आईपीएल ट्रॉफी रही. वहीं उसने इस जीत के साथ मुंबई (2019, 2020) और चेन्नई (2010, 2011) के क्लब में शामिल हो गई, जिसने लगातार दो बार आईपीएल का खिताब जीता. ध्यान रहे आईपीएल 2025 का खिताब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने ही जीता था, जो उसका पहला खिताब था. अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाजों ने कमाल दिखाया, खासकर रसिक सलाम डार ने, जिन्होंने 3 विकेट



लिए. इसके बाद चेज मास्टर विराट कोहली ने शानदार 42 गेंदों पर 75 रनों की पारी खेली. खास बात यह रही कि कोहली ने छक्का जड़कर अपनी टीम को खिताब दिलाया. वो अंत तक नॉट आउट रहे.

### कोहली का पचासा, अय्यर ने दी तेज शुरुआत

156 के रनचेज में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने धाकड़ शुरुआत की. वेंकटेश अय्यर 16 गेंदों पर 32 रन बनाकर सिराज की गेंद पर रबाडा के हाथों लपकके गए. इसके बाद आए देवदत्त पडिक्कल महज 1 रन बनाकर कगिसो रबाडा की गेंद पर आउट हुए, रबाडा का यह इस आईपीएल का 29वां विकेट रहा. 89 रन पर आरसीबी का तीसरा विकेट रजत पाटीदार (15) के रूप में गड़िरा, उनको राशिद खान ने अपने पहले ओवर आउट किया. इसके बाद इसी ओवर में उन्होंने क्रुणाल पंड्या को आउट कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को चौथा झटका दिया. इस तरह मैच रोमांचक हो गया. हालांकि विराट कोहली एक ओर से टिके रहे और उन्होंने 25 गेंदों में फिफ्टी जड़ी. जो उनकी सबसे तेज आईपीएल फिफ्टी रही. जब आरसीबी की टीम लक्ष्य के करीब थी तो, टीम डेविड (24) अरशद खान का शिकार बने. डेविड के आउट होते हुए आरसीबी का स्कोर 132/5 हो गया. हालांकि इसके बाद जितेश शर्मा (11 नाबाद ) और विराट कोहली (75 नाबाद) अपनी टीम को जीत दिलाकर ही डगआउट में लौटे. गुजरात की ओर से राशिद खान सबसे सफल गेंदबाज रहे, उन्होंने 2 विकेट झटके.

# टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हमले में 5 गिरफ्तार

## ममता बोली- हेलमेट नहीं होता तो जान चली जाती, भाजपा नेताओं-अफसरों ने डिस्चार्ज का दबाव बनाया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारी वीडियो फुटेज के आधार पर रातभर चली छापेमारी के बाद हुई।




ममता बनर्जी ने हमले को साजिश बताते हुए कहा कि अगर अभिषेक ने हेलमेट नहीं पहना होता तो उनकी जान जा सकती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में भर्ती अभिषेक को जल्द डिस्चार्ज कराने के लिए भाजपा नेताओं और पुलिस ने दबाव बनाया। अभिषेक पर शनिवार को दक्षिण सोनारपुर में हमला हुआ था, जहां वे चुनाव बाद हिंसा के पीड़ित कार्यकर्ताओं से मिलने गए थे।

### ममता ने कहा- साउथ कोलकाता के डीसीपी ने अस्पताल पर दबाव डाला

हमले के बाद अभिषेक को पहले अपोलो अस्पताल ले जाया गया। ममता भी उनसे मिलने पहुंचीं थी। अपोलो में डॉक्टरों ने अभिषेक को घर पर आराम की सलाह दी। बाद में उन्हें बेले व्यू अस्पताल ले जाया गया। अभिषेक से मिलने के बाद ममता बनर्जी ने शनिवार रात प्रेस कॉन्फ्रेंस की। दक्षिण 24 परगना जिले में स्थित सोनारपुर बेहत संवेदनशील इलाका माना जाता है। यहां टीएमसी और बीजेपी के बीच चुनावों के दौरान और बाद में राजनीतिक हिंसा होती रही हैं। विधानसभा चुनाव 2026 के बाद मई में हुई हिंसा में सोनारपुर में एक टीएमसी कार्यकर्ता की मौत हो गई थी। वहीं सोनारपुर के कामराबाद नस्करपाड़ा इलाके में भाजपा कार्यकर्ता सौमेन दास के घर में आग लगा दी गई थी। सोनारपुर दक्षिण से भाजपा की रूपा गांगुली विधायक हैं। उन्होंने 2026 के विधानसभा चुनाव में टीएमसी उम्मीदवार अरुंधति मैत्रा (लवली मैत्रा) को हराया था।

# हिमाचल में दर्दनाक हादसा, भिलाई के एक ही परिवार के 4 लोगों समेत 8 की मौत

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में हुए भीषण सड़क हादसे ने छत्तीसगढ़ के भिलाई से जुड़े एक परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। जिले के चुराह क्षेत्र में एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें भिलाई मूल के एक ही परिवार के चार सदस्य भी शामिल हैं।



**500 मीटर गहरी खाई में गिरी कार**

जानकारी के अनुसार, हादसा बैरगढ़-सच पास-किलर मार्ग पर हुआ। कार बर्फ से ढके सच पास क्षेत्र की ओर जा रही थी, तभी अनियंत्रित होकर करीब 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। घटना देर रात हुई, जबकि इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को अगले दिन मिली। कार में बेंगलुरु से घूमने आए दो पर्यटक परिवार सवार थे। इनमें एक परिवार मूल रूप से छत्तीसगढ़ के भिलाई का रहने वाला बताया गया है। मृतकों में अरविंद चंद्रकर, उनकी पत्नी प्राची चंद्रकर और उनके दो बेटे दर्श तथा अक्षद शामिल हैं। परिवार वर्तमान में बेंगलुरु में रह रहा था, लेकिन उनकी जड़ें भिलाई से जुड़ी थीं। बताया जा रहा है कि पर्यटक डलहौजी घूमने पहुंचे थे और बर्फबारी वाले इलाकों का आनंद लेने के लिए टैक्सी से सच पास क्षेत्र की ओर निकले थे। रास्ते में हादसा हो गया। वाहन में चालक समेत कुल नौ लोग सवार थे। हादसे की सूचना मिलने के बाद प्रशासन, पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बंगाल में फिर बड़ा बवाल, अभिषेक के बाद अब टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पर हमला, सिर में आई चोट

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले के ठीक एक दिन बाद, अब तृणमूल कांग्रेस के एक और वरिष्ठ सांसद कल्याण बनर्जी पर हमले की खबर है। यह घटना हुगली जिले के चंडीतला थाने के बाहर हुई। यहां टीएमसी और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस टकराव के बाद पूरे इलाके में भारी तनाव फैल गया है।

### थाने के बाहर नारेबाजी और अचानक हिंसा

जानकारी के मुताबिक, टीएमसी नेताओं और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में तृणमूल कांग्रेस के नेता चंडीतला थाने के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। टीएमसी नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल इस



गिरफ्तारी के विरोध में पुलिस को एक पत्र सौंपने जा रहा था। लेकिन यह डेलिगेशन थाने के अंदर पहुंच पाता, उससे पहले ही परिसर के बाहर स्थिति तेजी से बिगड़ गई। वहां मौजूद बीजेपी कार्यकर्ताओं ने टीएमसी समर्थकों को देखकर कथित तौर पर चोर-चोर के नारे लगाने शुरू कर दिए। देखते ही देखते दोनों पक्षों में हाथापाई और मारपीट शुरू हो गई। इस भारी हंगामे और धक्का-मुक्की के बीच टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी गंभीर रूप से घायल हो गए। रिपोर्ट्स के अनुसार, झड़प के दौरान उनके सिर में चोट (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### महुआ मोइत्रा ने बीजेपी को कहा- गंदी जंगली पार्टी

टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले को लेकर भाजपा और टीएमसी आमने-सामने हैं। जहां एक तरफ टीएमसी इसे भाजपा की साजिश बता रही है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने अभिषेक पर हुए हमलों को उनकी 15 वर्षों की हिंसक राजनीति का परिणाम बताया है। इस मामले को लेकर तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने भी भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने भाजपा को गंदी जंगली पार्टी कहा। मोइत्रा का दावा है कि भाजपा कार्यकर्ता सुष्मिता दत्ता को अभिषेक बनर्जी पर पत्थर फेंकते हुए कैमरे में पकड़ा गया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आम लोग टीएमसी पर हमला नहीं कर रहे हैं।



# इजराइल का लेबनान के 900 साल पुराने किले पर कब्जा

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में 900 साल पुराने ब्यूफोर्ट किले और आसपास की पहाड़ियों पर कब्जा कर लिया है। इजराइली अधिकारियों की ओर से रविवार को जारी तस्वीरों और वीडियो में किले पर इजराइली झंडे लहराते दिखाई दिए।



इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि सेना ने आसपास के गांवों में कई दिनों तक चली भीषण लड़ाई और हवाई हमलों के बाद यह कामयाबी हासिल की है। अल जजीरा के मुताबिक पिछले 26 साल में इजराइल की लेबनान में सबसे बड़ी घुसपैठ है। ब्यूफोर्ट किला 1982 से 2000 तक दक्षिणी लेबनान पर इजराइली कब्जे के दौरान उसकी सेना का एक प्रमुख सैन्य अड्डा था। 700 मीटर ऊंची पहाड़ी पर बने इस किले से दक्षिणी लेबनान के अलावा इजराइल के बड़े हिस्से पर नजर रखी जा सकती है। इसलिए इसका सैन्य महत्व बहुत ज्यादा माना जाता है। इजराइल और लेबनान के बीच 17 अप्रैल को सीजफायर का ऐलान हुआ था। इसके बावजूद इजराइल ने हमले जारी रखे हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इजराइल किसी संभावित अमेरिका-ईरान समझौते से पहले हिजबुल्लाह को अधिकतम नुकसान पहुंचाना चाहता है।

# आज शुभेंदु सरकार के मंत्रीमंडल का विस्तार : 35 मंत्री लेंगे शपथ

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के गठन का दूसरा चरण आज अर्थात सोमवार होगा। सोमवार को मंत्रिमंडल का विस्तार होगा और 35 नए मंत्रियों को पद की शपथ दिलाई जाएगी। बता दें कि शुभेंदु अधिकारी ने 9 मई को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। भाजपा ने 294 सदस्यीय विधानसभा में स्पष्ट बहुमत हासिल कर तृणमूल कांग्रेस के 15 वर्षों के शासन का अंत किया। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि राज्य मंत्रिपरिषद का विस्तार किया जाएगा और 35 नए मंत्री शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह सोमवार सुबह 11 बजे राज्य सचिवालय नबान्न में आयोजित होगा, जहां राज्यपाल आरएन रवि मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।



अब मंत्रिमंडल विस्तार के साथ भाजपा सरकार प्रशासनिक स्तर पर अपनी टीम को और मजबूत करने जा रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि नए मंत्रियों को शामिल कर सरकार विभिन्न क्षेत्रों और सामाजिक वर्गों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश करेगी। सचिवालय में होने वाला यह शपथ ग्रहण समारोह पश्चिम बंगाल की नई भाजपा सरकार के लिए एक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# नेपाली पीएम शाह बोले - हमने भी भारतीय जमीन पर कब्जा कियाः सिर्फ भारत ने हमारे इलाके नहीं कब्जाए

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने रविवार को कहा कि सिर्फ भारत ने ही नेपाली जमीन पर कब्जा नहीं किया, बल्कि नेपाल ने भी कुछ भारतीय इलाकों पर कब्जा किया है।

बालेन पीएम बनने के 2 महीने बाद पहली बार नेपाली संसद को संबोधित कर रहे थे। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, इस दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्हें इस बारे में जानकारी मिली। दोनों देशों को मिलकर इस मामले की जांच करनी चाहिए।



**लिपुलेख पर ब्रिटेन मध्यस्थ बने**

भारत-चीन के बीच लिपुलेख और लिम्पियाधुरा रास्ते से होने वाले व्यापार पर शाह ने कहा कि विवाद का समाधान कूटनीतिक बातचीत से निकाला जाएगा। नेपाल इस मुद्दे पर भारत को राजनयिक नोट भेज चुका है और भारत की ओर से जवाब भी मिल चुका है। शाह ने कहा कि लिपुलेख विवाद ब्रिटिश भारत के समय से जुड़ा है। इसलिए नेपाल ने इस मामले पर सिर्फ भारत और चीन ही नहीं, बल्कि ब्रिटेन से भी बातचीत की है। काठमांडू का मेयर रहते हुए बालेन शाह ने ग्रेटर नेपाल का नक्शा अपने ऑफिस में लगाया था। इसमें हिमाचल के पश्चिमी कांगड़ा से लेकर पश्चिम बंगाल में पूर्वी तीस्ता के एरिया को ग्रेटर नेपाल का हिस्सा बताया गया है। काठमांडू का मेयर रहते हुए बालेन शाह ने ग्रेटर नेपाल का नक्शा अपने ऑफिस में लगाया था। इसमें हिमाचल के पश्चिमी कांगड़ा से लेकर पश्चिम बंगाल में पूर्वी तीस्ता के एरिया को ग्रेटर नेपाल का हिस्सा बताया गया है। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने रविवार को नेपाल की संसद को संबोधित किया है। इस साल मार्च में हुए चुनावों के बाद सत्ता संभालने के बाद यह पहला मौका है, जब नेपाल के प्रधानमंत्री शाह ने संसद में अपनी बात रखी है।(शेष पृष्ठ 6 पर...)

# निजी स्कूलों की मनमानी पर विजय सरकार का बड़ा एक्शन, नोटिस बोर्ड पर लिखनी होगी ट्यूशन फीस

चेन्नई। राजधानी चेन्नई समेत पूरे तमिलनाडु में निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों से की जा रही अत्यधिक फीस वसूली की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार ने एक बड़ा और कड़ा फैसला लिया है। नए सरकारी आदेश के मुताबिक, अब राज्य के सभी निजी स्कूलों को अपने परिसर के मुख्य नोटिस बोर्ड पर ट्यूशन फीस की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।



स्कूल शिक्षा विभाग ने यह कदम उन लगातार आ रही शिकायतों के बाद उठाया है, जिनमें आरोप लगाया गया था कि कई नामी और स्थानीय स्कूल सरकार द्वारा तय की गई सीमा से कहीं ज्यादा पैसे वसूल रहे हैं। इस कदम से शैक्षणिक संस्थानों में पारदर्शिता आएगी और अभिभावकों को पहले से ही सटीक आर्थिक बोझ का पता रहेगा।

स्कूल शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार के मुताबिक, राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूल आगामी 4 जून से ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के बाद दोबारा खुल रहे हैं। यदि नया सत्र शुरू होने के बाद कोई भी निजी स्कूल सरकार द्वारा निर्धारित राशि से एक रुपया भी ज्यादा फीस लेता हुआ पाया गया, तो उसकी मान्यता तुरंत प्रभाव से रद्द कर दी जाएगी। वर्तमान में तमिलनाडु में 13,000 से अधिक मान्यता प्राप्त निजी स्कूल संचालित हो रहे हैं, जिन पर यह सख्त नियम समान रूप से लागू होगा। सरकार ने स्कूलों को कड़े निर्देश जारी किए हैं कि वे माता-पिता से एडमिशन के समय किसी भी तरह की छिपी हुई फीस या अतिरिक्त फंड के नाम पर अवैध वसूली न करें। यह नया नियम तमिलनाडु स्कूल संशोधन अधिनियम के प्रावधानों के तहत सख्ती से लागू किया गया है। इस कानून के तहत उच्च अधिकारियों और जाने-माने शिक्षाविदों की एक विशेष कमेटी का गठन किया गया है, जो हर श्रेणी के स्कूलों के लिए फीस का एक निश्चित मानक और सीमा तय करती है। स्कूल प्रशासन अपनी मर्जी से इस निर्धारित फीस स्ट्रक्चर में कोई बदलाव नहीं कर सकेगा। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# म्यांमार के खनन विस्फोटकों के गोदाम में धमाका, 45 से ज्यादा लोगों की मौत

बैंकॉक। म्यांमार के पूर्वोत्तर हिस्से में रविवार को एक इमारत में विस्फोट हुआ। इसमें 45 से अधिक लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस इमारत का इस्तेमाल खनन विस्फोटकों के भंडारण के लिए किया जा रहा था। एसोसिएटेड प्रेस ने बचावकर्मियों और स्वतंत्र मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, दोपहर के आसपास यह विस्फोट नामखाम कस्बे के काउंगटुप गांव में हुआ, जिसमें लगभग 70 अन्य लोग घायल हो गए। यह इलाका चीन सीमा से करीब तीन किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। यहां ताआंग नेशनल लिबरेशन आर्मी का नियंत्रण बताया जाता है, जो म्यांमार सरकार के खिलाफ लड़ने वाला एक सशस्त्र जातीय समूह है। नाम न बताने की शर्त पर एक बचाव कर्मी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि रविवार शाम तक 46 शव बरामद किए गए, जिनमें छह बच्चे भी शामिल हैं और उन्हें अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि 74 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और बचाव कार्य अभी भी जारी है। एक अन्य बचावकर्मी ने बताया कि करीब 40 लोगों की मौत हुई है।



# बैलगाड़ी पर निकली बेमेतरा विधायक की बारातः डिप्टी सीएम साव ने थामी बैलों की लगाम, सीएम सहित कई विधायक-मंत्री और बने बाराती

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में एक अनोखी शादी देखने को मिली। जब बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने रविवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह में शादी हुई। बारात बैलगाड़ी पर निकली, जिसकी लगाम डिप्टी सीएम अरुण साव ने थामी। इस बारात में सीएम विष्णुदेव साय, मंत्री और भाजपा के कई विधायक शामिल हुए। वहीं कार्यकर्ताओं में अच्छा-खासा उत्साह देखने को मिला।



मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में बीपीएल परिवार की तरुणा साहू के साथ सात फेरे लिए। विधायक समेत 23 जोड़ों का विवाह हुआ। विधायक दीपेश साहू की बारात में उपमुख्यमंत्री अरुण साव का अलग अंदाज दिखा। बेमेतरा बेसिक स्कूल मैदान तक विधायक सहित सभी दूल्हा बैल गाड़ी से बारात निकालकर पहुंचे। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने रविवार को सामूहिक विवाह समारोह में शादी हुई। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में बीपीएल परिवार की तरुणा साहू के साथ सात फेरे लिए। फेरों और रस्मों के बीच अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। जिससे बचने के लिए वहां पुख्ता इंतजाम नहीं थे। ऐसे में सिर पर सेहरा सजाए दूल्हे और सज-धजकर बैठी दुल्हनें खुद को भीगने से बचाने के लिए जो हाथ लगा, उसे ओढ़ते नजर आए। पानी से बचने के लिए कई जोड़ों और उनके परिजनों ने जमीन पर बिछे गद्दों और बैठने के लिए रखी प्लास्टिक की कुर्सियों को ही अपने सिर पर रख लिया। कुछ लोग तिरपाल और छातों के सहारे खुद को बारिश से बचाते दिखे। बेमेतरा में फेरों और रस्मों के बीच अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। जिससे बचने के लिए वहां पुख्ता इंतजाम नहीं थे। ऐसे में सिर पर सेहरा सजाए दूल्हे और सज-धजकर बैठी दुल्हनें खुद को भीगने से बचाने के लिए जो हाथ लगा, उसे ओढ़ते नजर आए।

### योजना की राशि मेधावी छात्राओं की पढ़ाई पर करुंगा खर्च- विधायक दीपेश साहू

विधायक श्री साहू ने कहा कि, योजना के तहत मिलने वाली राशि वे अपने पास नहीं रखेंगे, बल्कि उसे मेधावी छात्राओं की पढ़ाई पर खर्च करेंगे। सभी दूल्हे ई-रिक्शे से सर्किट हाउस तक पहुंचे। इसके बाद विधायक समेत सभी दूल्हों की बारात बैलगाड़ी से निकली। पारंपरिक परी डांस भी हुआ।

# सामूहिक विवाह समारोह में भड़के विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, कलेक्टर-एसपी को सार्वजनिक तौर पर लगाई फटकार

बेमेतरा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के दौरान हुई अव्यवस्थाओं को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह खुलकर नाराज नजर आए। तेज आंधी और बारिश के कारण कार्यक्रम बाधित होने के बाद उन्होंने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कलेक्टर और एसपी को सार्वजनिक रूप से नसीहत दी। दरअसल कार्यक्रम के दौरान अचानक मौसम खराब हो गया। तेज आंधी और बारिश के चलते आयोजन स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। मुख्य मंच का टेंट क्षतिग्रस्त हो गया और लोगों को बारिश से बचने के लिए कुर्सियां सिर पर रखकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागना पड़ा। हालात ऐसे बने कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद समारोह सहित लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम रद्द करना पड़ा।



### मुख्यमंत्री की गरिमा के अनुरूप नहीं थी व्यवस्था

कार्यक्रम रद्द होने के बाद रेस्ट हाउस में आयोजित संक्षिप्त समारोह में डॉ. रमन सिंह ने प्रशासनिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

## पहला कॉलम...

# आज से 16 दिवसीय श्री नारायण महामहोत्सव का होगा शंखनाद

### सुंदरकांड पाठ एवं भक्त शिरोमणि हनुमान जी की दिव्य झांकी से होगा भव्य शुभारंभ

### पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर 16 दिनों तक बहेगी भक्ति रस की अविरल धारा

**राजनांदगांव (दावा)।** संस्कारधानी में श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा आयोजित 16 दिवसीय पुरुषोत्तम मास श्री नारायण महामहोत्सव का शुभारंभ आज 1 जून से होगा। इस अवसर पर श्री नारायण धाम स्थित श्री सत्यनारायण धर्मशाला, कामठी लाइन में प्रतिदिन दोपहर 3:30 से रात्रि 7:00 बजे तक विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य श्रृंखला आयोजित की जाएगी। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने बताया कि पुरुषोत्तम मास आत्मचिंतन, भक्ति, सेवा और संस्कारों को सुदृढ़ करने का श्रेष्ठ अवसर है। धार्मिक आयोजनों में सहभागिता समाज में सद्भाव, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का संचार करती है। महामहोत्सव के प्रथम दिवस शंखनाद, शंखध्वनि एवं घंटाध्वनि के साथ विघ्नहर्ता भगवान गणेश का पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात भक्त शिरोमणि हनुमान जी के सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। जिसकी भक्तिमय प्रस्तुति देवी अर्चना एवं नेहा वैष्णव (रीवागहन) द्वारा की जाएगी। साथ ही भक्त शिरोमणि हनुमान जी महाराज का भव्य भूमि दरबार एवं आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी।

पुरुषोत्तम मास के इस पावन अवसर पर प्रतिदिन भक्ति, श्रद्धा और समर्पण से ओतप्रोत धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को सफल बनाने में अग्रवाल महिला मंडल, खंडेलवाल महिला मंडल, माहेश्वरी महिला मंडल, मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण महिला मंडल, लोहाना महिला मंडल, कस्तूरबा महिला मंडल, ओ कान्हा महिला मंडल, विश्व ब्राह्मण महिला मंडल, पाटीदार महिला मंडल तथा सर्व समाज महिला मंडल की सक्रिय सहभागिता रहेगी। विभिन्न मंडलों की महिलाएं दिन-रात प्रभु भक्ति एवं सेवा कार्यों में समर्पित भाव से जुटी हुई हैं। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के निवृत्तिमान अध्यक्ष अशोक लोहिया ने बताया कि महामहोत्सव के दूसरे दिवस महासर माता महिला मंडल द्वारा महासर माता मंगल पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अभिजीत जोशी अपनी मधुर स्वर सेवा एवं भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे।

समिति ने समस्त श्रद्धालुओं, मातृशक्ति एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से 16 दिवसीय पुरुषोत्तम मास श्री नारायण महामहोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ एवं पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। उपरोक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पर त्वरित कार्रवाई, आवेदिका को मिली निजी भूमि की सटीक जानकारी

### ग्राम पदुमतरा की खोरबहारिन की समस्या का हुआ स्थायी समाधान, प्रशासन ने सौंपी सीमांकन रिपोर्ट

### सीमांकन तो हुआ था पर नहीं मिले थे भूमि के आयाम, कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व टीम ने दोबारा नापकर दी रिपोर्ट

**राजनांदगांव (दावा)।** कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रभावी एवं संवेदनशील कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राजनांदगांव तहसील के ग्राम पदुमतरा निवासी आवेदिका खोरबहारिन की भूमि संबंधी समस्या का समाधान किया गया। कलेक्टर जनदर्शन में आवेदिका खोरबहारिन ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनकी निजी भूमि का सीमांकन कार्य जनवरी 2026 में पूर्ण कर लिया गया था, किंतु सीमांकन के दौरान उन्हें भूमि की लंबाई-चौड़ाई एवं चारों दिशाओं के आयामों की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई थी। इस संबंध में उन्होंने कई बार आवेदन किया, लेकिन उन्हें भूमि के वास्तविक आयामों की जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए राजस्व विभाग की टीम को आवश्यक निर्देश दिए गए। निर्देशों के परिपालन में राजस्व अधिकारियों द्वारा आवेदिका की उपस्थिति में पुनः स्थल पर सीमांकन की कार्रवाई की गई तथा भूमि का सत्यापन किया गया। सीमांकन उपरांत तैयार की गई रिपोर्ट में भूमि की चारों दिशाओं के आयाम एवं आवश्यक विवरण स्पष्ट रूप से अंकित किए गए। इसके साथ ही सीमांकन प्रतिवेदन की प्रति आवेदिका को उपलब्ध कराई गई। जिससे उनकी लंबे समय से लंबित समस्या का निराकरण हो सका। आवेदिका ने समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला प्रशासन द्वारा जनदर्शन के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण कर नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।


SILVER SCREEN MULTIPLEX
29th May to 04th June 2026



Kattalan - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Mor Jahuriya (CG) - 12:15 pm
Pati Patni Aur Woh Do - 06:15 & 09:00 pm
Mayaru Bhauji 2 (CG)-12:00, 03:00 and 06:00 pm
Krishnavataram Part 1 The Heart - 09:15 pm
Bhoot Bangla - 03:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकूल) में
भीड़भरा शानदार तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल



मयारू भौजी 2
छत्तीसगढ़ी में
मोहन सुंदरानी प्रस्तुत
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com


# स्वदेशी अपनाने से देश की संपत्ति देश के अंदर रहेगी : जगदीश पटेल



- लोकल फॉर वोकल से आत्मनिर्भरता एवं स्वाभिमान की ओर बढ़ रहा भारत : विष्णु साव
- कस्तूरबा भवन में स्वदेशी जागरण मंच का पदाधिकारी व कार्यकर्ता सम्मेलन तीन सत्रों में संपन्न

**राजनांदगांव (दावा)।** स्वदेशी चीजों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वदेश जागरण मंच द्वारा रविवार 31 मई को कस्तूरबा भवन में पदाधिकारी व कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के स्वदेशी प्रेमी लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। तीन सत्रों में चले उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रायपुर से पधारे स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय संयोजक जगदीश भाई पटेल ने कहा कि देश में निर्मित स्वदेशी चीजें अपनाने से देश की संपत्ति देश में ही रहेगी। वहीं विदेश में बनी चीजें अपनाए जाने से देश की संपत्ति विदेशियों के हाथों में चली जाएगी। इससे देश को आर्थिक नुकसानी हो सकती है अतः हम लोकल फार वोकल को बढ़ावा देते हुए स्वदेशी चीजें ही खरीदें और बाहर की विदेशी वस्तुएं आनलाइन मंगाना बंद करे। उन्होंने काव्यात्मक लहजे में कहा कि राष्ट्रहित का गला घोटकर छेद न करना थाली में मिटटी वाले दिया जलाना अब की बार दिवाली में। उन्होंने कहा कि स्वदेशी केवल नारा नही राष्ट्रहित की नीति है। जो राष्ट्र अपने अर्थ नीति का नियंत्रण रखता है। वहीं राष्ट्र सफल होता है। जब उसका उपभोक्ता जागरूक होगा। वही राष्ट्र भविष्य का निर्णय स्वयं कर सकता है। स्वदेशी का अर्थ भारत के हित मे नीति बने भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हो, नीति अनुसार राष्ट्रीय निर्णय हो, स्वदेशी के संबंध में समग्र विचार हो, साहित्य हो, भारत का विचार हो, स्वदेशी सामान क्रय करने में भारतवासी का विचार हो आदि है।

### लोकल फार वोकल से आगे बढ़ेगा भारत

इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के पूर्व जिला संयोजक विष्णु साव (अधिवक्ता) ने कहा कि स्वदेशी अपनाने से देश क स्थानीय उद्योग वर्तमान में भारत वोकल फॉर लोकल जैसी योजनाओ के माध्यम से घरेलू उत्पाद को बढ़ावा दे रहा है। स्वदेशी अपनाने से रोजगार सृजन होगा। जब लोग स्वदेशी वस्तुए खरीदते है तो देश के उद्योग में उत्पादन बढ़ता है। रोजगार के अवसर पैदा होता है। विशेषकर ग्रामीण व कुटीर उद्योग को इसका बहुत लाभ मिलता है और हाथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र लाखों लोगों को रोजगार मिलता है। जिसमे बड़ी संख्या महिला की है। विदेशी निर्भरता कम होती है।

अत्याधिक विदेशी निर्भरता देश के लिए जोखिम पूर्ण हो सकता है। रक्षा, दवा, कृषि इलेक्ट्रानिक जैसे क्षेत्र मे भारत आत्मनिर्भर हो रहा है। यह सिर्फ स्वदेशी जागरूकता का असर है। उन्होंने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच वर्ष 1991 से लगातार सामाज को जागृत करने के लिए डंकल प्रस्ताव का विरोध किया वॉलमार्ट तथा विदेशी मॉल का विरोध किया। स्वदेशी जागरण मंच का यह मानना है कि बड़ी मछली छोटी मछली को निगल जाती है। छोटे उद्योग धंधा पर असर पड़ता है। जागरण मंच हमेशा यह आव्हान करती है कि स्वदेश में बने वस्तु का उपयोग करें। अपने मोहल्ला, गांव के व्यापारी से क्रय करे। इससे ही भारत आत्मनिर्भर होगा। तकनीकि विकास भारत कोविड-19 के समय स्वयं वैक्सीन तैयार कर विश्व का संरक्षण किया। उससे स्वदेशी की भावना जागृत हुई है।

स्वदेशी तकनीकी और उतपाद से देश की सुरक्षा मजबूत हुई है। आपरेशन सिंदूर के समय स्वदेशी मिसाईल का उपयोग से विश्व में भारत की छवि बनी है। भारत की मिसाईल को विश्व के लोग क्रय कर रहे है। भारत 5 तकनीकि पूर्ण कर 6जी की ओर आगे बढ़ रहा है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि स्वदेश में बने तकनीक का उपयोग करें और देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योगदान करें। कार्यक्रम को स्वदेशी जागरण मंच के करनैल सिंह भाटिया ने भी संबोधित किया। वहीं विधिवत संचालन अमितेश राय मोना गोसाईं द्वारा किया गया।

### दीपक जलाकर मनाए अपना जन्मदिन

स्वदेशी जागरण मंच के श्री पटेल ने कहा कि दीपक बुझाना हमारी संस्कृति नहीं है। इसलिए जन्मदिन मोमबत्ती बुझाकर नहीं दीपक जलाकर मनाये। लोकनीति के आधार पर संस्कार वंश परंपरा के अनुसार बड़ो का आदर सम्मान, चरण स्पर्श व आर्शीवाद के अनुरूप स्वदेशी वेशभूषा, स्वदेशी व्यवहार, धार्मिक यज्ञ, मंदिर दर्शन व केक की जगह प्रसाद वितरण कर सबसे प्रेम व सौहाद्रपूर्ण व्यवहार कर मनाए। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करे, डेयरी में अमूल, टूथपेस्ट, दंतक्रांति, डाबर, विको, घड़ी, टाइटन, सोनाटा, वाहन टाटा मोटर कार खरीदे। इस देश का विकास मल्टीनेशनल कंपनी के द्वारा नहीं, बल्कि भारत की पूंजी, भारत का उद्योग, भारत का परिश्रम स्वदेशी का अर्थ केवल देश में बनी वस्तुओं का उपयोग करना नहीं बल्कि आर्थिक सामाजिक सांस्कृतिक और तकनीकि रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

# बसंतपुर पुलिस ने लौटाई 18 परिवारों की खुशियां

**अपना खोया फोन और जरूरी दस्तावेज वापस पाकर भावुक हुए मोबाइल स्वामी, पुलिस का जताया आभार**





### सीईआईआर (सीईआईआर) पोर्टल की मदद से खोजे 3 लाख रुपये मूल्य के 18 गुम मोबाइल

**राजनांदगांव (दावा)।** खोए हुए मोबाइल सिर्फ एक उपकरण नहीं, बल्कि किसी के जीवन की यादें और जरूरी दस्तावेज होते हैं। राजनांदगांव की बसंतपुर पुलिस ने ऐसे ही 18 परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लौटाई है। पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाकर विभिन्न नामी कंपनियों के लगभग 3 लाख रुपये मूल्य के 18 गुम मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए हैं। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के मार्गदर्शन में गुम मोबाइलों की तलाश के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बसंतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम को यह बड़ी सफलता हाथ लगी है।

### तकनीक (सीईआईआर पोर्टल) से मिली कामयाबी

बसंतपुर पुलिस ने केंद्र सरकार के सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी विश्लेषण की मदद से कड़े प्रयास कर इन 18 नग गुम मोबाइलों को ढूंढ निकाला, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 3 लाख रुपये आंकी गई है। यदि किसी भी नागरिक को रास्ते में या कहीं भी कोई गिरा हुआ या गुम मोबाइल फोन मिलता है, तो उसका उपयोग बिल्कुल न करें। उसे तुरंत अपने नजदीकी पुलिस थाने में जमा कराएं, ताकि उसे उसके असली मालिक तक पहुंचाया जा सके। गुम मोबाइलों की खोज का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### थाने में मोबाइलों का वितरण, खिले स्वामियों के चेहरे

31 मई को बसंतपुर थाना परिसर में निरीक्षक एमन साहू और थाना स्टाफ की मौजूदगी में सभी 18 मोबाइलों को उनके असली मालिकों को विधिवत वापस किया गया। अपना खोया हुआ फोन वापस पाकर आवेदकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कई मोबाइल स्वामियों ने भावुक होते हुए बताया कि फोन में उनके परिवार की अमूल्य तस्वीरें, महत्वपूर्ण दस्तावेज और जरूरी कांटेक्ट नंबर्स थे। जिनके वापस मिलने की उम्मीद वे पूरी तरह छोड़ चुके थे। आवेदकों ने राजनांदगांव और बसंतपुर पुलिस की इस त्वरित व सराहनीय कार्रवाई की जमकर प्रशंसा की। इस सफल रिकवरी अभियान में बसंतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू, सीसीटीएनएस आरक्षक श्रवण पैकरा, आरक्षक फागूराम साहू, ललित रावटे, भुनेश्वर जायसी, चंद्रशेखर श्रीवास, कुश बघेल और समस्त थाना स्टाफ की मुख्य व सराहनीय भूमिका रही।

# ऑक्सीजोन में सैकड़ों नगरवासियों ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश



**राजनांदगांव (दावा)।** 'सन टू ह्यूमन फाउंडेशन' के तत्वावधान में आज ऑक्सीजोन परिसर में एक वृहद स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों और स्थानीय प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और परिसर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में अपना योगदान दिया। अभियान में सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के स्वयंसेवी कार्यकर्ता डॉ. नरेंद्र नाहटा, रामनिवास गुप्ता, गोपाल गुप्ता और लक्ष्मीकांत पटेल ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही, शिवनाथ तट क्षेत्रीय विकास समिति के डॉ. डी.सी. जैन, हरजीत सिंह भाटिया, ग्राम भंवरमारा की सरपंच सुश्री माया बंधे, पूर्व सरपंच श्रीमती प्रेमलता साहू, ग्राम प्रमुख धर्मेंद्र साहू सहित पप्पी चोपड़ा, राजू डागा, जयपाल मंगवानी और चंद्रकांत नंदे की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। इन सभी के साथ सैकड़ों नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम भंवरमारा की सरपंच माया बंधे ने कहा कि ऑक्सीजोन की स्वच्छता को स्थायी रूप देने के लिए शीघ्र ही डस्टबिन की व्यवस्था की जाएगी, नियमित सफाई के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति होगी तथा स्वच्छता का संदेश देने वाले साइन बोर्ड भी लगाए जाएंगे।

स्वच्छता का संकल्प लेते हुए उपस्थित अन्य वक्ताओं ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# डी.एड. प्रवेश परीक्षा का आयोजन 4 को

**राजनांदगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 4 जून को सुबह 10 से अपराह्न 1.15 बजे तक डी.एड. प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिले में डी.एड. प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 22 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। जिनमें 6712 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में सुबह 9.30 बजे तक प्रवेश करना होगा। इसके पश्चात परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वारबंद कर दिए जाएंगे। निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। व्यापम के निर्देशानुसार परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैग, कैलकुलेटर, इयरफोन, धात्विक वस्तुएं एवं किसी भी प्रकार की नकल सामग्री लाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षार्थियों को केवल नीले या काले बॉल पेन की अनुमति होगी। परीक्षार्थियों को आधी बांह वाले सादे, हल्के रंग के कपड़े पहनकर परीक्षा में उपस्थित होना होगा। प्रवेश प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। महिला परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग केवल महिला पुलिस कर्मियों और पुरूष परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग पुरुष पुलिस कर्मियों द्वारा ही की जाएगी। परीक्षार्थियों के प्रवेश, फ्रिस्किंग और सत्यापन की प्रक्रिया 2 घंटे पूर्व से प्रारंभ की जाएगी।

## कार्यालय नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी, जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)

### उद्घोषणा

क्रमांक/537/रा.ना/न.पं./2026-27 दिनांक 29/05/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत के कर निर्धारण मांग पंजी में नाम परिवर्तन हेतु नीचे लिखे आवेदन छ.ग.नगर पंचायत अधिनियम 1961 की धारा 180 के तहत प्राप्त हुए है। जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के दिनांक से 20 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति सप्रमाण एवं साक्ष्य सहित लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के भीतर आपत्ति प्रस्तुत ना होने पर आवेदक का नाम कर निर्धारण मांग पंजी पर नामांकित कर दिया जावेगा। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं होगा। सूचना जाने।

| क्रं. | आवेदक का नाम/ पिता/पति का नाम (हस्तांतरित का नाम) | वर्तमान दर्ज नाम (हस्तातंरकर्ता का नाम) | स्थान (वार्ड क्रं.) | भवन/भूमि | हस्तातंरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | श्री हितेश कुमार कचलामे पिता श्याम साय कचलामे ग्राम पांडुटोला | श्री लाबहादुर तारम | 06 | पक्का | सहमति पत्र बिक्रीनामा पट्टा के आधार पर |
| 02 | श्री सुकालू राम साहू पिता स्व. भुवन साहू अं. चौकी | श्रीमती देवला बाई साहू पति श्री भुवन लाल साहू | 04 | पक्का | वंशावली तथा पूर्वज के मृत्यु हो जाने के आधार पर |
| 03 | अवेश रजा पिता स्व. श्री साजिद रहमानी | मो. जावेद रहमानी और मो. साजिद रहमानी | 09 | पक्का (व्यवसायिक) | मृत्यु प्रमाण पत्र तथा सहमति पत्र के आधार पर |
| 04 | श्री अंकित घीया पिता श्री संजय घीया वार्ड क्रं. 15 अं. चौकी | श्री राजेश घीया पिता श्री मोहन घीया | 15 | पक्का (व्यवसायिक) | सहमति पत्र के आधार पर परिवारिक समझौता के आधार पर |
| 05 | श्री अमन खत्री पिता श्री राजेन्द्र खत्री | श्री अनिल खत्री पिता श्री किशोरी लाल खत्री | 13 | पक्का (व्यवसायिक) | मृत्यु प्रमाण पत्र तथा कोई वारिश नहीं होने के आधार पर |
| 06 | श्री चंद्रमोहन योगी पिता स्व. भुनेश्वर योगी एवं अन्य 6 सदस्य | श्री विष्णुनाथ योगी | 10 | पक्का | पट्टे के आधार पर |
| 07 | जनरैलसिंह भाटिया पिता श्री स्व. खेलसिंह भाटिया | श्री जगदीश सिंह भाटिया पिता श्री हरवंश सिंह भाटिया | 03 | पक्का | बिक्रीनामा आबादी पट्टा के आधार पर |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत अं.चौकी

# चोरी की मोटर साइकिल सहित पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी

### वाहन की पहचान छिपाने फर्जी नंबर प्लेट का उपयोग कर रहा था शातिर चोर

**राजनांदगांव (दावा)।** लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में सक्रिय एक ऐसे शातिर मोटरसाइकिल चोर को धर दबोचा है। जो चोरी की बाइक की पहचान छिपाने के लिए उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर मजे से घूम रहा था। अंततः मुखबिर की सटीक सूचना पर वह पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया। लालबाग थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के खिलाफ चोरी की मूल धाराओं के साथ-साथ अपराध के साक्ष्य छिपाने एवं वाहन की पहचान बदलने के जुर्म में भी कड़ी धाराएं जोड़ी गई हैं। इस वारदात में शामिल आरोपी का सगा भाई और सह-आरोपी वर्तमान में फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।

### 5 अप्रैल को ग्राम बनभेड़ी के पास से हुई थी चोरी

थाना प्रभारी श्री पटेल ने मोटर साइकिल चोरी के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में थाना लालबाग पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रार्थी द्वारा



रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि गत 5 अप्रैल को उसकी होंडा शाइन मोटरसाइकिल (क्रमांक सीजी 08 बीबी 0294) ग्राम बनभेड़ी के पास से किसी अज्ञात चोर द्वारा पार कर दी गई थी। प्रार्थी की शिकायत पर थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 138/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

### फर्जी नंबर प्लेट लगाकर शराब भट्ठी के पास घूम रहा था आरोपी

विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना प्राप्त हुई कि एक संदिग्ध व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल लेकर नया शराब भट्ठी क्षेत्र के आसपास घूम रहा है। सूचना मिलते ही लालबाग पुलिस की टीम ने तत्काल घेराबंदी कर संदिग्ध को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम लोकेश वैष्णव पिता तोरण दास वैष्णव उम्र 27 वर्ष निवासी बजरंग चौक वार्ड नं. 7, शंकरपुर होना बताया। कड़ाई से की गई पूछताछ में आरोपी लोकेश ने स्वीकार किया कि उसने अपने भाई मिथुन वैष्णव के साथ मिलकर इस चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने जब आरोपी के कब्जे से बरामद होंडा शाइन मोटरसाइकिल की जांच की, तो उस पर वास्तविक नंबर के स्थान पर सीजी 08 एस एन 4787 की फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई पाई गई। आरोपी ने पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के इरादे से यह फर्जी नंबर प्लेट लगाई थी।

### अपराध में बीएनएस की नई धाराएं जोड़ी गई

लालबाग पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरी की मोटरसाइकिल को मौके पर ही जब्त कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने कानूनी शिकंजा कसते हुए आरोपी लोकेश वैष्णव के विरुद्ध मूल अपराध के अलावा साक्ष्य छिपाने और वाहन की पहचान बदलने संबंधी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 336(3), 238 एवं 3(5) को भी जोड़ दिया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# नवतपा के बीच मौसम ने लिया यू-टर्न, अगले तीन दिन बारिश और आंधी-तूफान के आसार

## 2 जून को खत्म हो रहा है नवतपा, इसके बाद पांच दिनों का लगेगा पंचक



### पारा 2 से 3 डिग्री गिरने की संभावना; भीषण गर्मी से जूझते लोगों को मिलेगी थोड़ी राहत

राजनांदगांव (दावा)। गर्मी का चरमोत्कर्ष रुप नवतपा के बीच मौसम ने अचानक यू-टर्न ले लिया है। तेज धूप व भीषण गर्मी के बीच मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विज्ञानी एच पी चंद्रा की मानें तो अगले तीन दिन के दौरान बारिश-पानी आंधी-तूफान के माहौल बन सकते हैं। जिससे प्रदेश सहित जिले के तापमान में 2 से 3 डिग्री की कमी आ सकती है। बता दें कि जिले में पिछले चार दिनों से अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पर रहा। शनिवार दोपहर को चली तेज हवा और बारिश से तापमान में 3.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। शाम के बाद एक बार फिर मौसम बदला।

इससे देर शाम रात तक तेज व ठंडी हवा चलती रही। इससे भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को थोड़ा राहत मिला। हालांकि बार-बार बिजली गुल होने से लोग परेशान होते रहे।

### नवतपा समाप्ति की ओर, लगेगा पंचक

मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले तीन दिनों में तेज हवा आंधी तूफान के साथ बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान गरज-चमक के साथ वज्रपात भी हो सकती है। बता दें कि इस बार नवतपा में तेज धूप और भीषण गर्मी के हालात बने रहे। नवतपा के पांचवें दिन मौसम में अचानक बदलाव आने से हवा तूफान के साथ हल्की बारिश की स्थिति बनी रही। अब इस नवतपे का 2 जून यानि कल समाप्ति होने जा रही है। इसके बाद पांच दिनों का पंचक लगेगा। इसे नवतपे की तरह खतरनाक माना जाता है। बीच-बीच में बारिश-पानी की स्थिति बनी रहने से उमस की स्थिति बनी रहती है। इससे लोगों की बैचेनी बढ़ जाती है। तबीयत खराब होने का खतरा बना रहता है। इससे इसे खतरनाक कहा गया है। बहरहाल मौसम विभाग के अनुसार छीसगढ़ में एक मौसमीय तंत्र सक्रिय होने के कारण वातावरण में नमी बढ़ रही है। इसके प्रभाव से राज्य के कई हिस्से में गरज -चमक के साथ हल्की से लेकर मध्यम वर्षा हो सकती है। मौसम में यह बदलाव किसानों और आम लोगों में राहत ले कर आ सकता है।

# कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पर त्वरित कार्रवाई : हितग्राही के परिवार को मिलेगा पूरा राशन

## फेस रिकग्निशन तकनीक से वृद्धा का हुआ ई-केवाईसी, दूर हुई तकनीकी बाधा

राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन की संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई का एक सकारात्मक उदाहरण सामने आया है। कलेक्टर जनदर्शन में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम तुलसीपुर निवासी दीपक कुमार ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनकी माता का ई-केवाईसी नहीं हो पाने के कारण उनके परिवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्ड में दर्ज 5 सदस्यों के स्थान पर सितंबर 2025 से केवल 4 सदस्यों का राशन प्राप्त हो रहा है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल खाद्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जांच में पाया गया कि हितग्राही की माता वृद्धावस्था के कारण फिंगरप्रिंट आधारित ई-केवाईसी कराने में सक्षम नहीं थीं, जिसके कारण प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पा रही थी। खाद्य विभाग की टीम द्वारा विशेष पहल करते हुए फेस रिकग्निशन तकनीक के माध्यम से दीपक कुमार की माता का सफलतापूर्वक ई-केवाईसी कराया गया। इसके साथ ही संबंधित तकनीकी बाधा का निराकरण कर दिया गया है। अब आगामी राशन आबंटनों में परिवार के सभी पात्र सदस्यों के अनुसार पूर्ण राशन उपलब्ध कराया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण एवं पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

## कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदन का हुआ निराकरण, सेवानिवृत्त कर्मचारी को मिला लंबित पेंशन भुगतान

राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन द्वारा जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण की दिशा में लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जनदर्शन में प्राप्त एक आवेदन पर कार्रवाई करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारी के लंबित पेंशन भुगतान की समस्या का समाधान किया गया। कलेक्टर जनदर्शन में आवेदक जयंत बाधू ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि उनके पिता के सेवानिवृत्त होने के बाद से पेंशन भुगतान लंबित है। आवश्यक दस्तावेजों की कमी एवं कुछ अभिलेखों के अपूर्ण होने के कारण लंबे समय से पेंशन प्रकरण का निराकरण नहीं हो पा रहा था। जिससे परिवार को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए। विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रकरण की जांच कर आवश्यक दस्तावेजों एवं औपचारिकताओं को पूर्ण कराया गया तथा लंबित पेंशन प्रकरण का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया गया। जिला प्रशासन के प्रयासों से अब सेवानिवृत्त कर्मचारी के पेंशन भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है तथा लंबित राशि का भुगतान कर दिया गया है। आवेदक एवं उनके परिवार ने समस्या के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। जिससे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंच सके।

# नगर पालिकाओं व त्रिस्तरीय पंचायतों के लिए मतदान दल रवाना




### o शासकीय आत्मानंद स्कूल से सामग्री लेकर निकले कर्मी, 1 जून को सुबह 7 बजे से होगा मतदान

राजनांदगांव (दावा)। राज्यनिर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम व उप निर्वाचन के लिए आज शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल से मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों की रवानगी हुई। सभी मतदान दलों को मतदान के सुचारू संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया गया है और सामग्री लेकर वे रवाना हो रहे हैं। नगर पंचायत घुमका के लिए 15 मतदान केन्द्र हैं। 1 अध्यक्ष एवं 15 पार्षद पद के निर्वाचन होगा। नगर पंचायत घुमका अंतर्गत कुल 3209 मतदाता हैं। जिसमें पुरुष 1579, महिला 1630 मतदाता हैं। वहीं जनपद पंचायत डोंगरगांव क्षेत्र क्रमांक 5 अंतर्गत कुल मतदान केंद्र 11 हैं। जिसमें कुल मतदाता 4882 है एवं पुरुष मतदाता 2452, महिला मतदाता 2430 है। 1 जनपद सदस्य के लिए निर्वाचन होगा। जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 1 सरपंच 2 पंच के लिए निर्वाचन होगा। जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत कुल मतदान केंद्र 5 है। मतदाताओं की कुल संख्या 1550 है। जिसमें पुरुष मतदाता 793, महिला मतदाता 757 है। उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत 1 जून 2026 को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मतदान किया जाएगा तथा मतदान के पश्चात मतदान केन्द्र पर की जाने वाली मतगणना की जाएगी। 4 जून को नगरीय निकाय की मतगणना की जाएगी।

# पल्लवी अग्रवाल 'प्लास्टिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी ब्रांच' में एआईआर 1 रैंक के साथ देश में प्रथम स्थान पर उत्तीर्ण की



रायपुर (दावा)। शहर की डॉ पल्लवी अग्रवाल (एमबीबीएस, डीएनबी) ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस) द्वारा अप्रैल 2026 मे आयोजित इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इंपोर्टेंस सुपर-स्पेशलिटी एंट्रेंस टेस्ट (आईएनआई 2026) मे 'प्लास्टिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी ब्रांच' में एआईआर 1 रैंक के साथ देश में प्रथम स्थान पर उत्तीर्ण की हैं. डॉ पल्लवी की स्कूली शिक्षा रायपुर एवं मेडिकल की शिक्षा मुंबई व बैंगलोर में हुई हैं. वे जीवन विहार रायपुर निवासी नवीन खण्डेलवाल सीए- सुनिता खण्डेलवाल की पुत्रवधु एवं समता कॉलोनी रायपुर निवासी विनोद अग्रवाल- किरण अग्रवाल की पुत्री हैं।

# सतीशा साहू ने महतारी वंदन योजना के लिए तत्काल कराया ई-केवायसी

राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार में जनमानस के विभिन्न तरह की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तुमड़ीबोड़ में श्रीमती सतीशा साहू महतारी वंदन योजना अंतर्गत ई-केवायसी के लिए पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वे पिछले कुछ दिनों से ई-केवायसी कराने के लिए परेशान थी। परिवार के सभी महिला सदस्यों का योजना अंतर्गत ई-केवायसी हो गया है, सिर्फ उनका रह गया है। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा फोन के माध्यम से ई-केवायसी कराने के लिए जानकारी दी गई और वह ग्राम तुमड़ीबोड़ में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंची, जहां महतारी वंदन योजना के तहत तत्काल ई-केवायसी किया गया। श्रीमती सतीशा साहू ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत लगाया गया जनसमस्या निवारण शिविर बहुत लाभप्रद है। शिविर में माध्यम से लर्निंग लाईसेंस, राशन कार्ड, राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है।

# अवैध शराब तस्करी पर कार्रवाई : आदतन अपराधी स्कूटी और 43 पौवा दारू के साथ गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लालबाग पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में दुस्साहस का परिचय देकर अवैध शराब का परिवहन कर रहे एक आदतन आरोपी को घेराबंदी कर धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में देशी और महाराष्ट्र निर्मित अवैध शराब, परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी और नगदी रकम बरामद की गई है। गौरतलब है कि इसी आरोपी के खिलाफ पुलिस ने महज 3 दिन पूर्व भी अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी थी।

थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि 31 मई को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब की तस्करी और बिक्री कर रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आदिवासी समाज भवन रेवाड़ीह के समीप घेराबंदी कर आरोपी दीपचंद साहू पिता किसन साहू उम्र 26 वर्ष निवासी कोटरासरार) को रंगे हाथों धर दबोचा। जब पुलिस ने आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से 31 पौवा देशी प्लेन शोले शराब 12 पौवा महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू संत्री कुल मात्रा 43 पौवा (7.740 बल्क लीटर), कुल कीमत 3,440 रुपये नगद रकम सहित शराब बिक्री की राशि 150 रुपये, वाहन तस्करी में उपयोग की जा रही 1 नग स्कूटी पुलिस ने शराब, नगदी और वाहन सहित कुल 73,580 रुपये का मसरूका आदिवासी समाज भवन रेवाडीह के पास से विधिवत जब्त किया है। पुलिस ने आदतन तस्कर दीपचंद साहू के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### अगले 5 दिनों तक आंधी-बारिश का अलर्ट, 60 किमी/घंटे की रफ्तार से चलेंगी तूफानी हवाएं

राजनांदगांव (दावा)। भीषण गर्मी से जूझ रहे प्रदेशवासियों को अगले पांच दिनों तक राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने प्रदेशभर में मेघगर्जन, तेज हवा, वज्रपात और वर्षा होने की संभावना जताई है। शहर के लिए जारी पूर्वानुमान के अनुसार सोमवार को आकाश आंशिक रूप से मेघमय रहेगा। गरज-चमक, अंधड़ और बारिश की संभावना है। शहर का अधिकतम तापमान 42 व न्यूनतम तापमान 26 डिग्री से. के आसपास रहने का अनुमान है।

# घुमका में लहराएगा कांग्रेस का परचम : अनीस खान



### फूलमती वर्मा की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा बेचैन 7, कांग्रेस के पक्ष में माहौल, जनता मतदान से देगी जवाब

घुमका (दावा)। नगर पंचायत के प्रथम चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में बन रहे मजबूत जनमत ने भाजपा खेमे की चिंता बढ़ा दी है। नगर की जनता आज चरम पर पहुंची महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, अघोषित बिजली कटौती और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त होकर पूर्ण परिवर्तन के पक्ष में खड़ी दिखाई दे रही है। कांग्रेस की अध्यक्ष प्रत्याशी फूलमती वर्मा को मिल रहे अभूतपूर्व जनसमर्थन और कांग्रेस के पक्ष में बनते माहौल से बौखलाकर भाजपा नेता अब निराधार आरोपों का सहारा ले रहे हैं। यह बात जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने जारी एक प्रेस बयान में कही।

जिला प्रवक्ता खान ने कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है। तब से महंगाई, बेरोजगारी और जनसमस्याओं में लगातार वृद्धि हुई है। पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम और खाद्य वस्तुओं की आसमान छूती कीमतों ने आम जनता पर भारी आर्थिक बोझ डाल दिया है। जिससे लोगों का जीवन जीना अत्यंत कठिन हो गया है। उन्होंने किसानों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आज किसान खाद की किल्लत, खेती की बढ़ती लागत और अन्य कई गंभीर समस्याओं से लगातार जूझ रहा है, लेकिन संवेदनहीन भाजपा सरकार के पास अन्नदाताओं की इन परेशानियों का कोई ठोस समाधान नहीं है। अनीस खान ने आगे कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की अत्यंत लोकप्रिय हाफ बिजली बिल योजना को बंद करके वर्तमान भाजपा सरकार ने बिजली दरों में भारी वृद्धि की है। इससे आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। आज स्थिति यह है कि एक ओर जनता महंगी बिजली का बिल भरने को मजबूर है, तो दूसरी ओर लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती का सामना कर रही है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों का खामियाजा आज प्रदेश का हर वर्ग भुगत रहा है। घुमका नगर पंचायत कांग्रेस की ही देन है। सत्ता और सरकार दोनों हाथ में होने के बावजूद भाजपा के पास अपने ढाई वर्षों के कार्यकाल में जनता को दिखाने के लिए कोई उल्लेखनीय विकास कार्य नहीं है। विकास के पैमाने पर भाजपा पूरी तरह शून्य साबित हुई है। अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए भाजपा नेता चुनावी मंचों से झूठे आरोप लगाकर जनता का ध्यान भटकाने का असफल प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी फूलमती वर्मा की जनता के बीच सहज उपस्थिति, सरल व्यवहार और बढ़ते जनविश्वास ने विरोधियों की नींद उड़ा दी है। यही कारण है कि भाजपा नेता घबराहट में मिथ्या आरोप लगाकर अपनी राजनीतिक भड़ास निकाल रहे हैं, लेकिन घुमका की जागरूक जनता सब देख और समझ रही है। खान ने पूर्ण विश्वास जताते हुए कहा कि भाजपा नेताओं के इस झूठे दुष्प्रचार का जवाब घुमका की जागरूक जनता मतदान के माध्यम से देगी। नगर पंचायत क्षेत्र के मतदाताओं में परिवर्तन का संकल्प साफ नजर आ रहा है। जो आने वाले चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाकर नगर पंचायत में कांग्रेस की जवाबदेह और जनहितकारी सरकार स्थापित करेगा।

# मस्ती की पाठशाला में बच्चें एवं युवा पारंपरिक खेलों का लिए मजा, महिलाओं ने कहा बचपन की यादें हुई ताजा



राजनांदगांव (दावा)। हर रविवार को मस्ती की पाठशाला में भीड़ बढती जा रही है। अल सुबह से बच्चे अपने परिवार के साथ पहुंचकर पारंपरिक खेलो का मजा ले रहे है। सर्किट हाउस के सामने तथा चोपाटी एवं उसके सामने भीड़ का नजारा देखने को मिलता है। बच्चे एवं युवा सभी खेलों का आनंद लेकर अपनी प्रतिभा दिखतो है। उपस्थितजनों में जहां महिलाओं ने कहा कि आज हमारे पारंपरिक खेल बाटी, भौरा, गिल्ली डंडा, बिल्लस जो लुप्त होते जा रहे है, वो मस्ती की पाठशाला में देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि यहा आने से हमारी बचपन की यादे ताजा हो जाती है। वहीं पुरूषों ने कहा कि जो बच्चें छुटटी के दिन देर तक सोये रहते थे। वे बच्चे सुबह 5 बजे से उठकर पाठशाला में आ जाते है। उन्होंने कहा कि आज मोबाईल के कारण लोग परिवार और समाज से दुर होते जा रहे है। यहां आकर बच्चों को एक दुसरे के साथ मिलकर खेलते देख ऐसे लगता है कि हमारा बचपन वापस आ गया। सभी ने मस्ती की पाठशाला आयोजन के लिए महापौर सहित निगम प्रशासन का धन्यवाद दिया।

मस्ती की पाठशाला में हर सप्ताह नया देखने को मिलता है। इस रविवार का आकर्षण, बोरा दौड़, बाटी-चम्मच दौड़, आलू दौड़, रस्सा कसी प्रमुख रूप से था। इसके अलावा मटकी फोड, मोमबत्ती जलाव, बिल्लस, बाटी, भौरा, पिट्ठुल तथा रस्सी कुद, बेडमिंटन, तीरंजदाजी, जम्प, कराटे आदि पारंपरिक खेल का बच्चे एवं युवाओं ने बहुत आनंद उठाया। उक्त खेलो में पुरूस्कार भी दिया गया। छोटे बच्चे अपने भाई बहन व दोस्तो के साथ झुला झुल फिसल पट्टी में फिसल कर मजा लेने के साथ साथ छोटे-छोटे खेल में रिंग डालना, निशाना लगाना, उची कूद में भाग लिए। साथ ही पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास तथा योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन ग्रुप के साथ योग करने के अलावा रीदम रिवाल्युसन ग्रुप के साथ बडी संख्या में छोटे-बड़े बच्चे परिवार सहित जुम्बा डांस में थिरकते नजर आए। वहीं छोटे-छोटे बच्चों ने ड्राईंग सीट में चित्रकारी के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किए। जिसमें अच्छी चित्रकारी करने वाले बच्चो को यामिनी कला केन्द्र के द्वारा पुरस्कृत किया गया। बाली अखाडा के छोटे बड़े बच्चों ने आग का गोला घुमाने के अलावा अखाडा के विभिन्न प्रदर्शन किये जिसे देख लोग आश्चर्य चकित रह गए। आज की पाठशाला को सफल बनाने में बाडी टेक जीम, रीदम रिवाल्युसन ग्रुप, योगा ग्रुप, मदर टेरेसा ग्रुप, ब्लड डोनेड संघ, यामिनी कला केन्द्र, राजनांदगांव रनर ग्रुप सहित खेल जगत से हॉकी, कराटे, तीरंदाजी के अलावा अन्य संघों की महती भूमिका रही। मस्ती की पाठशाला में पार्षदों सहित बच्चें, युवा एवं बुजुर्गो की परिवार सहित बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# राजनांदगांव पैंथर्स क्रिकेट टीम की जर्सी एवं टीम की शानदार लांचिंग



राजनांदगांव (दावा)। शहर में कल एबीस ग्रीन होटल में जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) संस्करण 3 में हिस्सा ले रही राजनांदगांव पैंथर्स टीम की जर्सी एवं टीम लॉन्चिंग का भव्य समारोह संपन्न हुआ। सीसीपीएल के संस्करण 3 का आयोजन रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 3 जून से प्रारंभ होने जा रहा है। 14 जून को प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला जाएगा। पिछले वर्ष संस्करण 2 में राजनांदगांव पैंथर्स की टीम संयुक्त विजेता रही है। समारोह में बड़ी संख्या में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य,खेल प्रेमी, शहर के गणमान्य नागरिक एवं जूनियर क्रिकेट खिलाड़ी उपस्थित थे।

समारोह में छत्तीसगढ़ के एकमात्र पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी राजेश चौहान, वरिष्ठ समाजसेवी खूबचंद पारख, जिलाधीश जितेंद्र यादव, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, समाजसेवी राजेंद्र गोलछा जी, सीसीपीएल के चेयरमैन भास्कर शास्त्रीजी, चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद, महामंत्री अरुण डुलानी, सीएससीएस के सीनियर चयनकर्ता तस्लीम आरिफ, सहसचिव अजय तिवारी, उपाध्यक्ष गुरुचरण माखीजा, राजकुमार बाफना, महेश खंडेलवाल, प्रमोद करमरकर, सुभाष हुंका, विश्व हिंदू परिषद एवं युगांतर स्कूल के पदाधिकारीगण, एडवोकेट योगेश दुरक्कड़, अग्रवाल समाज सहित कुछ अन्य समाज के पदाधिकारी जो अपने समाज में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं। वे सभी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समारोह में सर्वप्रथम सीसीपीएल के ब्रांड एंबेसडर वीरू को प्रस्तुत किया गया। राजनांदगांव पैंथर्स टीम के कप्तान अजय मंडल सहित अन्य सभी खिलाड़ियों ने समारोह में अपनी प्रस्तुति के बाद शहर के खेलप्रेमीयों से भेंट की। ट्रॉफी अनावरण के पश्चात बहुत ही भव्य तरीके से टी-शर्ट लॉन्च की गई। समारोह में उपस्थित अतिथियों का जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़ी सहित समस्त पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

समारोह में सर्वप्रथम जिलाधीश जितेंद्र यादव ने राजनांदगांव पैंथर्स टीम को शुभकामना देते हुए उन्हें अपने अच्छे प्रदर्शन हेतु उचित मार्गदर्शन दिया।

समारोह में उपस्थित जूनियर क्रिकेट खिलाड़ियों को जिलाधीश महोदय ने सफलता के कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये। समारोह को जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी, वरिष्ठ समाजसेवी खूबचंद पारखजी, कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, राजेश चौहान, सीसीपीएल के चेयरमैन भास्कर शास्त्री ने भी अपने संबोधन में राजनांदगांव पैंथर्स टीम को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं देते हुए उनका उचित मार्गदर्शन भी किया।

समारोह में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्यों ने विशिष्ट अतिथि राजेश चौहान को उनके कामयाब केरियर हेतु स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया वहीं जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कोच एवं राजनांदगांव पैंथर्स टीम के सहकोच शहर के हिमांशु यादव को बीसीसीआई द्वारा आयोजित कोचिंग हेतु परिक्षा लेवल ओ वर्ग में सफल होने पर सम्मानित भी किया। समारोह का सफल संचालन श्रद्धा बाफना एवं विशाल शर्मा ने किया। वहीं आभार प्रदर्शन दुर्गेश शुक्ला ने किया।

# घुमका से बजेगा परिवर्तन का बिगुल, प्रदेश को मिलेगा नया संदेश - विपिन यादव

### o फूलमती वर्मा पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद और तथ्यों से परे
### o भाजपा के दुष्प्रचार का जवाब देगी जनता



घुमका (दावा)। नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में बन रहे मजबूत जनमत ने भाजपा खेमे की चिंता बढ़ा दी है। कांग्रेस की अध्यक्ष प्रत्याशी फूलमती वर्मा को मिल रहे अभूतपूर्व जनसमर्थन और कांग्रेस के पक्ष में बन रहे सकारात्मक माहौल से भाजपा नेता बौखलाहट में निराधार आरोपों का सहारा ले रहे हैं। यह बात जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव ने कही।

जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान द्वारा जारी बयान में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा कांग्रेस की अध्यक्ष प्रत्याशी फूलमती वर्मा पर लगाया जा रहा कथित एलईडी परियोजना संबंधी आरोप पूरी तरह निराधार, भ्रामक और तथ्यों से परे है। जिस परियोजना का उल्लेख भाजपा नेता कर रहे हैं, वह अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण द्वारा महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वीकृत एक विशेष परियोजना थी, जिसका तत्कालीन ग्राम पंचायत अथवा सरपंच फूलमती वर्मा से कोई संबंध नहीं था। परियोजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी एक निजी एजेंसी को सौंपी गई थी। भाजपा नेताओं को स्वयं इस योजना की प्रकृति, उद्देश्य और क्रियान्वयन प्रक्रिया की जानकारी नहीं है, फिर भी जनता को भ्रमित करने के लिए मंचों से बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। घुमका की जागरूक जनता भाजपा के इस दुष्प्रचार को भली-भांति समझ रही है।

विपिन यादव ने कहा कि नगर पंचायत गठन के बाद से भाजपा को सत्ता और सरकार दोनों का लाभ मिला, लेकिन इसके बावजूद घुमका में ऐसा कोई उल्लेखनीय विकास कार्य नहीं हुआ जिसे भाजपा जनता के सामने अपनी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर सके। विकास के नाम पर भाजपा पूरी तरह शून्य साबित हुई है। अपनी विफलताओं और जनअपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाने की सच्चाई छिपाने के लिए भाजपा नेता झूठे आरोपों और दुष्प्रचार की राजनीति कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा जारी किया गया चुनावी घोषणापत्र भी हमेशा की तरह झूठे वादों और खोखले आश्वासनों का पुलिंदा है। भाजपा चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करती है और चुनाव समाप्त होते ही उन्हें भुला देती है। जनता भाजपा की कथनी और करनी का अंतर अच्छी तरह समझ चुकी है। यही कारण है कि आज घुमका में कांग्रेस के पक्ष में सकारात्मक वातावरण दिखाई दे रहा है और भाजपा नेताओं की बेचैनी लगातार बढ़ती जा रही है।

विपिन यादव ने कहा कि घुमका की जनता अब दुष्प्रचार, भ्रम और झूठे आरोपों की राजनीति से प्रभावित होने वाली नहीं है। जनता विकास, जवाबदेही और जनहित के मुद्दों पर मतदान करेगी। घुमका से निकलने वाला जनादेश केवल नगर पंचायत तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रदेश की राजनीति को भी एक नया संदेश देगा कि जनता अब काम करने वालों के साथ खड़ी है, भ्रम फैलाने वालों के साथ नहीं। विपिन यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि घुमका नगर पंचायत में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत दर्ज होगी और अध्यक्ष पद की प्रत्याशी फूलमती वर्मा भारी मतों से विजयी होंगी। उन्होंने कहा कि घुमका की जनता भाजपा के दुष्प्रचार, झूठे आरोपों और खोखले वादों का लोकतांत्रिक जवाब देने के लिए तैयार है। यह जनादेश केवल नगर पंचायत का परिणाम नहीं होगा, बल्कि प्रदेश की राजनीति को यह संदेश भी देगा कि जनता अब जनविरोधी नीतियों, विफलताओं और भ्रम फैलाने वाली राजनीति को स्वीकार करने वाली नहीं है। घुमका से परिवर्तन का जो बिगुल बजेगा, उसकी गूंज आने वाले समय में पूरे प्रदेश में सुनाई देगी।

## अनमोल दावा

**सच्चे मन से की गई मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती।**

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर संजीवनी बना डायल 1033

कल्पना कीजिए, आप एक खूबसूरत सफर पर हैं। चारों तरफ फैली खुली शानदार सड़क, रफ्तार पकड़ती गाड़ी और गुनगुनाता सुहाना मौसम। सब कुछ एकदम मुकम्मल लगता है। लेकिन अचानक, अगले ही मोड़ पर कोई अनहोनी हो जाए...। कई बार हाइवे पर हुआ एक अनचाहा हादसा पल भर में जिंदगी की खुशियों को मातम में बदल देता है। ऐसे किसी अनजान और सुनसान सफर पर, जहां दूर-दूर तक कोई अस्पताल या मदद नजर नहीं आती, वहां मोबाइल की स्क्रीन पर चमकता एक नंबर उम्मीद की सबसे बड़ी किरण बनकर उभरता है- 1033। आज देश के राष्ट्रीय राजमार्गों पर यह चार अंकों का नंबर महज एक हेल्पलाइन नहीं, बल्कि हजारों-लाखों मुसाफिरों के लिए संजीवनी साबित हो रहा है।

हाइवे पर दुर्घटना होने के बाद जो सबसे पहला घंटा होता है, उसे चिकित्सा विज्ञान में गोल्डन ऑवर कहा जाता है। इस एक घंटे के भीतर अगर घायल को सही इलाज मिल जाए, तो उसकी जान बचने की संभावना 80 फीसदी तक बढ़ जाती है। 1033 इसी गोल्डन ऑवर का रक्षक है।

जैसे ही कोई इस नंबर पर डायल करता है, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का कॉल सेंटर तुरंत हरकत में आ जाता है। जीपीएस ट्रैकिंग के जरिए हादसे की सटीक लोकेशन ट्रेस की जाती है और चंद मिनटों के भीतर एम्बुलेंस मौके पर पहुंचती है। घायलों को नजदीकी ट्रॉमा सेंटर या अस्पताल पहुंचाया जाता है। साथ ही रास्ता साफ करने के लिए क्रेन और पेट्रोलिंग गाड़ियां तैनात हो जाती हैं।

एनएचएआई के 1033 सेवा का लाभ लेने वाले श्री नितिन वर्मा बताते हैं, मैं रायपुर से बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में सफ़र कर रहा था। दोपहर 2 बजे के करीब हाइवे पर मेरी गाड़ी का एक्सीडेंट हुआ, मोबाइल में नेटवर्क भी कम था। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि मैं कहां हूं? मैंने 1033 लगाया, और महज 7 से 10 मिनट में एम्बुलेंस मेरे सामने थी। वो नंबर नहीं, मेरे लिए संजीवनी से कम नहीं था।

आमतौर पर लोग सोचते हैं कि यह नंबर सिर्फ एक्सीडेंट के समय काम आता है, लेकिन असल में यह हाइवे पर आपका सबसे भरोसेमंद साथी है। आप कई विपरीत स्थितियों में भी इसकी मदद ले सकते हैं। रात के सन्नाटे में अगर गाड़ी का टायर पंचर हो जाए या इंजन फेल हो जाए, हाइवे पर कोई पेड़ गिर गया हो, मवेशी आ गए हों या कोई भारी मलबा पड़ा हो, यात्रा के दौरान अगर अचानक किसी सहयात्री की तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ जाए, टोल प्लाजा या फास्टैग संबंधी कोई समस्या हो या हाइवे पर असुरक्षा महसूस हो रही हो... तो भी 1033 सेवा का लाभ लिया जा सकता है।

ट्रक ड्राइवर श्री गुरदीप सिंह अपने अनुभव साझा करते हैं, बात रात के करीब 09:45 बजे की है। मैं अपना भारी-भरकम ट्रक लेकर रायपुर से बिलासपुर की ओर बढ़ रहे था। अचानक एक जोरदार आवाज के साथ ट्रक का टायर फट गया। भारी वाहन और ऊपर से रात का सन्नाटा... ऐसी स्थिति में हाइवे के किनारे ट्रक खड़ा करना और मदद ढूंढना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं था। मैने बिना वक्त गंवाए 1033 पर कॉल किया। एनएचएआई की टीम ने तुरंत मेरी लोकेशन ट्रेस की और हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने न सिर्फ क्रेन और तकनीकी मदद का इंतजाम किया, बल्कि जब तक काम पूरा नहीं हुआ, वहां सुरक्षा सुनिश्चित की, ताकि कोई और बड़ा हादसा न हो।

बिलासपुर-नागपुर रूट के मुसाफिर श्री एस.पी. चौबे ने बताया, हम अपनी कार से सफर कर रहे थे कि अचानक गाड़ी पंचर हो गई। जब स्टेपनी बदलने की बारी आई, तो एक नई मुसीबत खड़ी हो गई। बहुत दिनों से पहिया खुला नहीं था, इसलिए वह बुरी तरह जाम हो चुका था। मेरा ड्राइवर पसीने से तर-बतर होकर उसे खोलने की नाकाम कोशिश कर रहा था, लेकिन वह टस से मस नहीं हो रहा था। हाइवे के किनारे खड़ी हमारी गाड़ी और ड्राइवर की जद्दोजहद को वहां से गुजर रही 1033 की रूट पेट्रोलिंग व्हीकल टीम ने खुद देख लिया।

टीम के जवान तुरंत हमारे पास रुके। उन्होंने न सिर्फ अपनी गाड़ी से जरूरी हैवी टूल्स (औजार) निकाले, बल्कि खुद आगे बढ़कर जाम हो चुके चक्के को खोला, टायर बदला और हमारी गाड़ी को रवाना किया। उनके इस अपनेपन और मुस्तैदी ने हमारा दिल जीत लिया।

हाइवे पर सुरक्षा सिर्फ छोटे वाहनों तक सीमित नहीं है, बल्कि भारी-भरकम कमर्शियल वाहनों के लिए भी 1033 एक सुरक्षा कवच है। ऐसा ही एक मामला बिलासपुर से महासमुंद की ओर जा रहे विशाल ट्रेलर के ड्राइवर श्री शिवम यादव के साथ हुआ। उनके ट्रेलर का ब्रेक अचानक जाम हो गया और गाड़ी में जरूरी एयर प्रेशर नहीं बन पा रहा था। बीच हाइवे पर इतने बड़े वाहन का इस तरह रुकना बेहद खतरनाक था।

सूचना मिलते ही 1033 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। भारी ट्रेलर के पीछे से आ रही तेज रफ्तार गाड़ियों को सचेत करने के लिए टीम ने सेफ्टी कोन और चेवरॉन साइन बोर्ड लगाए, ताकि एक सुरक्षित बफर जोन बन सके। इस हाई-प्रोफेशनल ट्रैफिक मैनेजमेंट की वजह से न तो हाइवे पर जाम लगा और न ही कोई दुर्घटना हुई। ट्रेलर को सुरक्षित तरीके से सुधरवाने की व्यवस्था की गई।

1033 की सबसे खास बात इसकी सरलता और गति है। यह सेवा 24 घंटे, सातों दिन काम करती है। इसमें भाषा की कोई दीवार नहीं है। स्थानीय भाषाओं से लेकर हिंदी और अंग्रेजी, हर भाषा में यहां मदद मिलती है। टोल-फ्री होने के कारण मोबाइल में बैलेंस न होने पर भी इस पर कॉल की जा सकती है।

बदलते भारत के साथ हमारे हाइवे आधुनिक और हाई-स्पीड हो रहे हैं, लेकिन रफ्तार के इस दौर में सुरक्षा सबसे अहम है।

# ट्रंप (अमेरिका) अब मजाक हैं!

हरिशंकर व्यास

***सभी इस्लामी देश मानने लगे हैं कि अमेरिका न काम का न काज का न वह ईरान के घुटने टिका सका और न ड्रोन हमलों से देशों को बचा सका।***

कोई महाशक्ति कैसे मात्र एक नेता से अपने को गंवा बैठती है, अपनी हैसियत-पहचान का फलूदा बना देती है, इसके इन दिनों ढेरों प्रमाण हैं। अमेरिका ढाई सौ साल का होने वाला है। पर देश अपने उस राष्ट्रपति के 80वें जन्मदिन के तमाशों में है, जिसने छह वर्षों में अमेरिका को फूंका कारतूस बना डाला। अमेरिका और ट्रंप की इस मजबूरी पर सोचें कि वह ईरान को मनाने के लिए पाकिस्तान पर निर्भर है। सभी अब ट्रंप के अमेरिका की हैसियत समझ रहे हैं। इजराइल, इस्लामी देश याकि ईरान, कतर, पाकिस्तान, रूस, चीन सभी की निगाहों में अमेरिका मानों थोथा चना बाजे घना। अमेरिका इतना असहाय पहले कब था जो सैनिक मिशन ईरान को खत्म करने का था और अब उसी से समझौते के लिए ट्रंप मरे जा रहे हैं।सोचें, ट्रंप ने कितनी बार कहा है कि अमेरिकी सेना ने ईरान का सब कुछ खत्म कर दिया। फिर कितनी बार बोला कि ईरान से समझौता बस होने को है। दो दिन पहले ईरान ने खबर उड़ाई कि समझौता होने के कगार पर। ट्रंप हड़बड़ा गए। जवाब था बकवास है, ईरान ने मसौदा जरूर भेजा है पर मैंने फैसला नहीं किया! उसी दिन फिर ट्रंप ने ईरान के पड़ोसी ओमान को खत्म करने की धमकी दी! इसलिए क्योंकि ईरान-ओमान दोनों होमुर्ज की खाड़ी में टोल वसूली का तानाबाना बुन रहे हैं।



ईरान के ऐसे साहस के गहरे अर्थ हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने ट्रंप से ईरान पर हमला करवाया। और अब ट्रंप पाकिस्तान के जनरल मुनीर की कूटनीति के झांसे में हैं। पाकिस्तान ने चालाक लोमड़ी की तरह अरब-खाड़ी देशों के इस्लामी देशों और चीन से अपनी ऐसी पंचायत बनाई है कि पश्चिम एशिया से अमेरिका के आउट होने और उसकी जगह पाकिस्तान की सैन्य उपस्थिति के अवसर बन गए हैं। इस कूटनीति को ईरान के सर्वोच्च नेता मोज्तबा खामेनेई ने भी जाहिर किया है। उन्होंने कहा है कि पश्चिम एशिया की ताकतें अब अमेरिकी सैन्य ठिकानों के लिए ढाल नहीं बनेंगी। इस क्षेत्र में अमेरिका के पास सुरक्षित ठिकाना नहीं रहेगा।

क्या अर्थ है? कतर, बहरीन, सऊदी अरब, ओमान, कुवैत, इराक सभी इस्लामी देश मानने लगे हैं कि अमेरिका न काम का न काज का। इसलिए क्योंकि न वह ईरान के घुटने टिका सका और न उसके मिसाइल, ड्रोन हमलों से इन देशों को बचा सका। उलटे अमेरिकी सैन्य अड्डों के होने से ईरान ने उन पर भी हमला किया। इलाके के मुसलमानों में ईरान का समर्थन दिखा। इसलिए अमेरिकी सैन्य ठिकानों को बनाए रखना जोखिम है न कि सुरक्षा की गारंटी। ऐसे में अरब-खाड़ी के इस्लामी देशों को किसकी जरूरत है? इस्लामी सैन्य महाशक्ति पाकिस्तान की है, व्यापार और कमाई वाले चीन की है। गाजा, लेबनान में इजराइल के तांडव के आगे ईरान की भी है।

इस तरह सामरिक, रणनीतिक, कूटनीतिक आदि के कामों में कभी वॉशिंगटन विश्व गुरू था। तभी उसकी वैश्विक चौधराहट थी। विश्व व्यवस्था में स्थिरता थी, संतुलन था। लेकिन सिर्फ और सिर्फ पैसे के लोभी तथा प्रॉपर्टी डीलर की तासीर में रंगे हुए ट्रंप ने, अपने आपको ईसा का अवतार जतलाते हुए अमेरिकियों को ऐसा मूर्ख बनाया जो अमेरिकी दिमाग भी कॉकरोच की दशा की और है। बुद्धि हाशिए में और झूठ का बोलबाला। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय, पेंटागन हो या विदेश-वाणिज्य-वित्त संबंधी मंत्रालय और उसके तमाम दिमागी थिंक टैंक सभी की सांसें वैसी ही खोखली हैं, जैसे बारह वर्षों से भारत में है।

सोचें, कभी जी-7 देशों, यूरोपीय नेताओं के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति का विचार-विमर्श व साझा था। अब ट्रंप पाकिस्तानी नेताओं, कतर, सऊदी अरब, बहरीन के शेखों, इजराइल के नेतन्याहू या पुतिन, शी जिनपिंग से चोंच लड़ाते हैं। गुजरे सप्ताह गजब हुआ जो नेतन्याहू के प्रभाव में ट्रंप ने मुस्लिम नेताओं से बात की। तुर्किए के राष्ट्रपति एर्दोआन, सउदी अरब, यूएई, मिस्र और पाकिस्तान, शेखों, प्रधानमंत्रियों, राष्ट्रपति से बात कर उन्होंने कहा इस्लामी देशों को अब्राहम अकॉर्ड्स मानते हुए इजराइल से कूटनीतिक रिश्ते बना कर दोस्ती करनी चाहिए। तभी शांति होगी। एक तरफ दुनिया का हर मुसलमान गाजा, लेबनान, ईरान में इजराइल-अमेरिका के हमलों के विध्वंस का लाइव साक्षी है वही ट्रंप की ऐसी खामोख्याली।

पाकिस्तान ने ट्रंप को तुरंत हैसियत दिखाई। उसके रक्षा मंत्री याकि जनरल मुनीर के बॉस ख्वाजा आसिफ ने कहा पाकिस्तान अपनी मौलिक विचारधाराओं से कतई समझौता नहीं कर सकता। 'हम उन लोगों के साथ कैसे बैठ सकते हैं, जिनकी बात पर एक दिन के लिए भी भरोसा नहीं किया जा सकता'। बावजूद इसके वही ट्रंप प्रशासन उम्मीद में है कि पाकिस्तान जैसे-तैसे ईरान से सौदा पटाए। ऐसे अमेरिका की क्या कभी किसी ने कल्पना की?

## विचार सरिता

# जीवन कौशल : हमेशा आपके अनुसार हो और आपका अहं संतुष्ट हो, आवश्यक नहीं





डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

हमेशा मनुष्य के मन का नहीं होता। हमेशा घटनाएँ उसी तरह आगे नहीं बढ़ती हैं, जिस तरह मनुष्य चाहता या कल्पना करता है। मनुष्य इस बात के लिए भी तैयार रहे कि सब कुछ उसकी योजना के अनुसार घटित नहीं होगा। बीच में कोई ऐसी परिस्थिति भी बन सकती है, जो उसके लिए अप्रत्याशित है।

जब सार्वजनिक जीवन में किसी बात पर किसी व्यक्ति से विरोध की स्थिति बनती है, तो दोनों में से किसी एक व्यक्ति की ही बात सच होती है और वह मानी जाती है। ऐसे में व्यक्ति कई बार अपनी बात न माने जाने को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लेता है। वह इसे अपने अहं पर ले लेता है। किसी सही बात पर अड़ना या तर्क-वितर्क करना तो ठीक है परंतु किसी अनुचित बात पर भी अड़ना या अपनी बात न माने जाने पर इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लेना अपने झूठे अहंकार को पोषित करना होता है। कई बार आप सही होते हैं और सामने वाला गलत किन्तु वह अपनी गलती नहीं मानता है और आप हैं कि उससे गलती मनवाने के लिए उसके पीछे पड़े होते हैं। उससे ऐसा करवाने में अपना ध्यान, समय और बुद्धि लगाने की क्या आवश्यकता है?

इस तरह की स्थितियों को अपनी हार के रूप में न लें और इन्हें हँसते-हँसते स्वीकार करें। किसी हल्के-फुल्के व्यंग्य या कटूक्ति को भी सुधार के उद्देश्य से सुनकर स्वीकारने की आदत डालें। अगर ये सब असंबद्ध, अनर्गल और गॉसिप जैसी बातें हैं, तो सुनकर भी इसकी उपेक्षा करें। हाँ, बात अगर झूठे अहं के स्थान पर मनुष्य के आत्म सम्मान को आहत करने वाली हो; तब तो इसका उचित, शालीन और प्रभावी प्रतिरोध आवश्यक हो जाता है।

आत्मसम्मान और झूठे अहंकार में फर्क है। अपने अहं की झूठी संतुष्टि न करें किंतु आत्मसम्मान से समझौता भी न करें।

## कविता

### माँ

इतनी जल्दी भी क्या थी तुम्हें जाने की,
थोड़ा और रुक जाती, तो क्या हो जाता माँ !

**माँ**

दिल की धड़कन में, कुछ साँसें और बुन जाती,
मेरे दिल की पुकार इक बार और सुन जाती,
मिलता थोड़ा और दुलार तो क्या हो जाता माँ!
थोड़ा और रुक जाती तो क्या हो जाता माँ...?

**माँ**

माना की जीवन में हमने तुम्हें बहुत सताया,
हर दिन हर वक़्त हर पल तुम्हें बहुत तड़पाया,
हर बार की तरह इस बार भी हमें माफ कर देती,
अपनी ममता की शीतल छाँव में छिपाकर हमें,
अपनी बाहों में भर लेती तो क्या हो जाता माँ...?
अनसुना कर देती उस अनहद की पुकार,
तो क्या हो जाता माँ ?
मुन्ना राजा के बालों में तेल, आँखों में सुरमा,
गालों में काला टीका और मस्तक में तिलक,
आलू के पराठे में गुड और माखन लगाकर,
अपने लाला को कुछ दिन और खिला जाती,
तो क्या हो जाता माँ....?
थोड़ा और रुक जाती तो क्या हो जाता माँ..?

**माँ**

मेरे दुख की घडी में, अपने आँचल में छिपाकर,
मेरे आँसू पोंछ लेती, तो क्या हो जाता माँ?
मेरे आने की आहट सुनकर, एक बार ही सही,
दरवाजा खोल देती, तो क्या हो जाता माँ?

**माँ**

दबा देती थी अपने अरमाँ, छिपा लेती थी अपने
आँसू, एक बार तो दिल खोलकर, अपने मन की
बात बता देती, तो क्या हो जाता माँ.....?

**माँ**

माना की तुम हमसे रूठ गयी हो.... ?
शायद दुख से तुम टूट गयी हो..... ?
मेरे लिये ना सही, पापा के लिए ही,
कुछ दिन और रुक जाती......
तो क्या हो जाता माँ....?

**माँ**

सेवा की तुम जीवंत प्रतिमूर्ति हो,
आनंद की आत्मिक अनुभूति हो,
ईश्वर का साक्षात् प्रतिबिंब तुम ही हो,
अपनी ममता की छाया में कुछ दिन,
और रख लेती.... तो क्या हो जाता माँ..?

**माँ**

तुमने हमें जीवन को जीना सिखाया,
दुख दर्द को हंस कर पीना सिखाया,
प्रेम और विश्वास के पवित्र धागे से,
रिश्तों के बंधन को सीना सिखाया..।
एक बार जाने से पहले, बता तो देती न माँ?
कि तुझे भी कहीं जाना है...?

**माँ**

तेरे जाने के बाद रिश्तों के धागे टूट गए है,
अपने अपनों से लड़कर रूठ गए है......
तेरे बिछड़ने का गम, सबको खाली कर गया है,
मेरे मन का मन्दिर, जहाँ तुम रहती थी
खाली का खाली, रह गया है......
इस रिक्त मन्दिर को अपनी आनंदमयी मूरत से,
भर देती तो क्या हो जाता माँ..?
थोड़ा और रुक जाती तो क्या हो जाता माँ..

**माँ**

तेरी सखी सहेलियाँ भी अकेली रह गयी है,
पारी, पुषा, पुतली, भावा, जानकी, माया ...
तुझे ढूँढने के लिए तेरे पीछे निकल गयी है
कौशी, सुलक्षणी, पुष्पा, शीला, ईशा, वीरी,
रो-रोकर बार-बार मुझसे पूछ रही हैं कि,
इतनी जल्दी भी क्या थी तुम्हें जाने की,
थोड़ा और रुक जाती तो क्या हो जाता माँ.....

**माँ**

पहले जब भी तुम, कहीं जाती थी,
तो कहती थी, मैं जल्द लौट कर आती हूँ,
इस बार तुम्हारा इंतज़ार करते करते,
आँखें तरसकर थक गयी हैं....! इतना तो बता दो
ना माँ, तुम कहाँ चली गयी हो ?

**माँ**

तुम आँखों से ओझल होकर दिल में बस गयी
हो.., तुम दिखती कहीं नहीं, पर लगता है कि यहीं
कहीं हो..
छोड़ो ना माँ लुका छिपी का यह खेल अब.,
अपने बच्चों की खातिर इस खेल में....,
हार जाती, तो क्या हो जाता माँ..!
थोड़ा और रुक जाती, तो क्या हो जाता माँ..?

**माँ**

सतगुरु के बिना तुम्हारा जीवन अधूरा है,
सतगुरु गोबिंद हैं, तुम्हारे श्री कृष्ण,
तु 'पुष्पा' उनके प्रेम में पगली 'मीरा' है..
'शदाणी-भक्ति' में लीन रहकर,
सदा करती सबकी निष्काम सेवा है......

**माँ**

कोई चिट्ठी, कोई संदेश तो भेजो ना माँ..!
माँ तुम जहाँ कहीं भी हो, बस वादा करो,
जल्द लौटकर आओगी और 'मासूम',
'अंब्रिश' को मीठी-मीठी लोरी सुनाओगी..
मैं इंतज़ार करूँगा माँ......

**माँ**

इतनी जल्दी भी क्या थी तुम्हें जाने की,
थोड़ा और रुक जाती, तो क्या हो जाता माँ....?



अंब्रिक मोटलानी
राजनांदगांव
मोबाईल नंबर - 8770265454

## सामयिक चर्चा

# जो पत्नी कहे, वही सही

अखबार उठाकर बानी बोले -
"आज क्या सुनाऊ, क्या सुनाऊ गजाधर!
फिर अपने आप कहा -
हॉ! यह पढ़ने लायक है खबर -
बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने
सरकारी आवास खाली करने से किया इंकार ।
राबड़ी देवी ने बंगला खाली करने के
आदेश को चुनौती दी और कहा यार!
"सरकार इसे खाली कराना चाहती है
तो बल प्रयोग करके
अपने कब्जे में ले सकती है।
राज्य सरकार की ओर से जारी
अन्तिम बेदखली वाली नोटिस पर
वे तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त कर
वे संवाददाताओं से कहती है -
"यह आवास उनके परिवार की
राजनीतिक यात्रा और पहचान से जुड़ा हुआ है
10 सर्कुलर रोड का यह बंगला
वर्ष 2005 से उनके परिवार का
निवास रहा है।
और....।"
तभी बीच में कह उठे गजाधर
यह सब तो ठीक है बानी
राबड़ी को बंगला से मोह है
तो उन्हें छोड़ने में हो रही है परेशानी
पर मैं तुमसे पूछता हूँ यही!
पति लालू यादव जी क्या कहते हैं?
बानी मुस्कराए बोले -
"जो पत्नी राबड़ी कहें, वही सही ।"
रविवार 31 मई 2026



गिरीश बख्शी

## कविता

# ब्याहे जब दुलौरिन बेटी ल

नोनी के ददा जब
ब्याहे दुलौरिन बेटी ल
पर घर भेजे जब
अपन कलेजा चानी ल
मुस्कात खिलखिलात
घर के राजकुमारी ल
आनि बानी के दाहिज जोरथे
सक भर सोना चांदी लादथे
लेथे वो ह करजा बॉडी कर
करथे बिहाव आलिशान
हाथ जोड़ करथे सबके मान
अऊ का दिहि जे देवत हे अपन प्रान
फेर काबर कुछ नोनी के ददा ल
देखे ल पढ़थे ये दुखदाई दिन
जे अंगना मे रहतिस बनके रानी
वो अंगना में पड़े हे नोनी बिन प्रान
जब दिखे घाव नोनी के अंग म
जियत जियत मर जथे ददा उही दिन
रो रोके कोसे खुद ल
मै अपराधी तोर नोनी
बिन बोले तोर पीरा ल जान लेतेव
लोक लाज ल डरे बिना तोला कहितेव
पानिगरहन करें हव बेटी तोर
नहीं करें हव कन्या-दान तोर
काबर कि ससुराल ले ला सकथव तोला
नहीं ला सकव मरघट्टी ले मेहा
नहीं ला सकव मरघट्टी ले मेहा तोला।



श्रीमती रेशमी साहू "रश्मि"
राजनादगांव

## राशिफल

**मेष** — मेष राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बड़े बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी तारीफ करेंगे।

**वृष राशि** — वृष राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशिप करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।

**मिथुन** — मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे।

**कर्क** — कर्क राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज पैसों के लेन देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**सिंह** — सिंह राशि वालों आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। लवमेट आज अपने रिश्ते के बारे में घरवालों को बताएंगे, घरवाले इस पर विचार भी करेंगे। इस राशि के कैमिस्ट शॉप वाले लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाने की योजना बनाएंगे।

**कन्या** — कन्या राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जायेगा। आपका पुराना दोस्त आपको फोन कर के सरप्राइज देगा। आपकी किसी जरूरी बात पर घर वाले सहमति जतायेंगे। तरक्की आज आपके कदम चूमेगी। आपको अपना कारोबार बढ़ाने के लिए आज कई मौके मिलेंगे।

**तुला** — तुला राशि वालों आज का दिन मिली जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर करने की जरूरत है। आपके काम की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक** — वृश्चिक राशि वालों आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे। मार्केटिंग की जॉब कर रहे लोगों से आज अच्छा क्लाइंट जुड़ेगा, जो भविष्य में अच्छा धन लाभ कराएगा।

**धनु** — धनु राशि वालों आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। वकीलों के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा, नया केस हाथ लगेगा। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली आएगी। जीवनसाथी के साथ अच्छी मूवी देखने का मन बनायेंगे।

**मकर** — मकर राशि वालों आज आपका दिन ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। किसी विषय को समझने में आपको अपने सहपाठियों से सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुंभ राशि वालों आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिये अपनी बेहतरीन राय देंगे। बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे। आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेंगी।

**मीन** — मीन राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

# भाजपा पदाधिकारियों की रैली पर कांग्रेस का पलटवार, थाना पहुंचकर सौंपा ज्ञापन




○ भाजपा नेताओं पर मानहानि और माहौल बिगाड़ने का आरोप कड़ी कार्रवाई की मांग
○ नगर पंचायत अध्यक्ष व जनप्रतिनिधियों के सम्मान पर आघात का आरोप दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

छुईखदान (दावा)। नगर पंचायत छुईखदान मे राजनीतिक माहौल उस समय गर्मा गया। जब कांग्रेस कार्यकर्ता नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदो ने थाना छुईखदान पहुंचकर भाजपा के जिला एवं मंडल पदाधिकारियो के खिलाफ विस्तृत ज्ञापन सौंपा ज्ञापन मे भाजपा नेताओ पर नगर पंचायत अध्यक्ष और कांग्रेस पार्षदों के खिलाफ अपमानजनक नारेबाजी मानहानिकारक टिप्पणियां तथा नगर का माहौल खराब करने के आरोप लगाए गए है ज्ञापन के अनुसार 29 मई 2026 को भाजपा नेताओ द्वारा नगर मे रैली और जुलूस निकाला गया जिसमे भाजपा के जिला एवं मंडल स्तर के कई पदाधिकारी शामिल थे कांग्रेस पक्ष ने आरोप लगाया है कि रैली के दौरान नवनीत जैन, भावेश कोचर, संजू जैन, ज्ञान यादव, संदीप महोबिया, रोशन चन्द्राकर, शुभम विश्वास, सुरेंद्र तिवारी, पन्ना मंडावी पंचम साहू, महावीर जैन, राजू उडके, नवीन चन्द्राकर गजभिये, देवदत्त चन्द्राकर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओ ने नगर पंचायत अध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्षदो के खिलाफ आपत्तिजनक और मानहानिकारक नारे लगाए।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि उक्त रैली नगर पंचायत कार्यालय बस स्टैंड तथा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां सार्वजनिक रूप से ऐसे नारे लगाए गए जिनका उद्देश्य नगर पंचायत अध्यक्ष और कांग्रेस जनप्रतिनिधियों की छवि धूमिल करना था।

आरोप है कि रैली के वीडियो एवं फोटो सोशल मीडिया पर प्रसारित कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास भी किया गया। ज्ञापन में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि नगर पंचायत अध्यक्ष एक सम्मानित महिला जनप्रतिनिधि है और उनके खिलाफ सार्वजनिक मंचों पर की गई नारेबाजी से न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा प्रभावित हुई है बल्कि महिला सम्मान और लोकतांत्रिक मूल्यो को भी ठेस पहुंची है कांग्रेस नेताओ ने इसे राजनीतिक मर्यादाओं के विपरीत बताते हुए गंभीर मामला करार दिया है कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने यह भी आरोप लगाया कि रैली के दौरान झंडा-बैनर लेकर किए गए आक्रामक प्रदर्शन से नगर में भय और तनाव का वातावरण निर्मित हुआ जिससे सामाजिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बनी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां नगर की कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकती है। थाना प्रभारी को सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं और पार्षदों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के विरुद्ध मानहानि शांति भंग करने सार्वजनिक रूप से अपमानजनक नारेबाजी करने तथा अन्य प्रासंगिक धाराओ के तहत अपराध दर्ज किया जाए साथ ही दोषियो के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए कांग्रेस नेताओ ने कहा कि लोकतंत्र मे विरोध और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का अधिकार सभी को है लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि की गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली गतिविधियो को स्वीकार नही किया जा सकता। उन्होने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई कर नगर में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने उम्मीद जताई कि पुलिस प्रशासन मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करेगा ज्ञापन देते समय प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल दास साहू, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, कांग्रेस डेलीगेट्स मेंबर मोतीलाल जंघेल, लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, दाऊ भूपेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे, उत्तम सिंह ठाकुर, गिरिराज किशोर दास वैष्णव, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुईखदान रामकुमार पटेल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रकाश महोबिया वरिष्ठ कांग्रेसी शैलेंद्र तिवारी अध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस देवराज किशोर दास, पार्षद चंद्रेश कुंभकार प्रेमपाल मनीष कोचर जिला महामंत्री सज्जाक खान, भिखम चंद छाजेड़, आकाशदीप सिंह गोल्डी, विजय वर्मा,संजय महोबिया, लाल रोहित पुलत्स्य अध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस गुलशन तिवारी, अध्यक्ष जिला महिला कांग्रेस आरती रिंकू महोबिया, अध्यक्ष जिला पिछड़ा वर्ग पुरषोत्तम वर्मा, अध्यक्ष जिला अनुसूचित जाति कोसन कोसरे, दशमत जंघेल, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस गंडई शत्रुहन मन्नू चंदेल, अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस खैरागढ़ ग्रामीण संदीप सिरमौर, अध्यक्ष शहर खैरागढ़ अरुण भारद्वाज, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस मुढ़ीपार तेजराम वर्मा, रिंकू महोबिया, रिंकू गुप्ता, चंद्रेश यदु, जितेंद्र सिंह गौर, आलोक यादव खेमेश्वरी वर्मा, द्रोपदी वर्मा सुबोधकांत पाण्डेय सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पालिका अध्यक्ष द्वारा साफ-सफाई और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर दिया जा रहा है जोर

## शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना पालिका का दायित्व है - रमन



डोंगरगढ़ (दावा)। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे इन दिनों नगर क्षेत्र की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने के उद्देश्य से लगातार वार्डों का दौरा कर रहे हैं। वे प्रतिदिन सुबह नगर पालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा संबंधित वार्ड पार्षदों के साथ विभिन्न वार्डों में पहुंचकर साफ-सफाई, पेयजल, नाली-नालों की सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं। उनकी इस पहल को नागरिकों द्वारा भी सराहा जा रहा है। क्योंकि समस्याओं के समाधान के लिए अब लोगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने बताया कि नगर के प्रत्येक वार्ड में जाकर वहां की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जहां भी कोई समस्या सामने आती है। उसका तत्काल निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए जा रहे हैं। उनका कहना है कि नगर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए पालिका प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है।इसी क्रम में गुरुवार को अध्यक्ष रमन डोंगरे नगर पालिका की टीम के साथ इंदिरा नगर एवं बीडी कॉलोनी पहुंचे। यहां उन्होंने स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। क्षेत्र के लोगों ने पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं की जानकारी दी। जिस पर अध्यक्ष ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि पानी की समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्य अगले ही दिन से प्रारंभ कर दिया जाएगा। ताकि लोगों को राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान बरसात के मौसम को देखते हुए नालियों और नालों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। अध्यक्ष ने कहा कि वर्षा ऋतु में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए पहले से ही व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नगर के सभी प्रमुख नालों एवं नालियों की सफाई कराई जा रही है, ताकि बारिश का पानी सुचारु रूप से निकल सके।

पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में रहने वाले किसी भी नागरिक को छोटी या बड़ी समस्या के कारण परेशान नहीं होना पड़े, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते उनकी जिम्मेदारी है कि वे लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझें और उनका समाधान सुनिश्चित करें। यही कारण है कि वे स्वयं प्रतिदिन वार्डों में पहुंचकर कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान को ध्यान में रखते हुए नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छ और सुंदर नगर का निर्माण सभी की सहभागिता से ही संभव है। इसके लिए नगर पालिका प्रशासन के साथ-साथ नागरिकों को भी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करना चाहिए। नगरवासियों का कहना है कि अध्यक्ष रमन डोंगरे की यह पहल जनहित में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। वार्डों में पहुंचकर समस्याओं का प्रत्यक्ष निरीक्षण और त्वरित समाधान की दिशा में उठाए जा रहे कदमों से लोगों में विश्वास बढ़ा है। नागरिकों को उम्मीद है कि इसी तरह निरंतर प्रयासों से नगर की मूलभूत सुविधाओं में और अधिक सुधार होगा तथा डोंगरगढ़ एक स्वच्छ, व्यवस्थित और सुविधायुक्त नगर के रूप में विकसित होगा। इस अवसर पर पार्षद देवेंद साखरे मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश कुमार तिवारी जल शाखा प्रभारी नितिन बख्शी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## व्यक्तिगत लाभ के लिए बच्चों का भविष्य खराब कर रहे हैं जिम्मेदार, शिक्षा मंत्री तक पहुंची गूंज

**मामला ढारा के आदर्श पब्लिक स्कूल का : बिना मान्यता 2 साल से चल रहा था संस्थान, बोर्ड परीक्षा आई तो दूसरे स्कूल का यूडाइस कोड चोरी कर बैठाए छात्र**




डोंगरगढ़ (दावा)। प्राइवेट शिक्षण संस्थान शासन-प्रशासन के साथ मिलकर बच्चों के भविष्य की परवाह किए बिना आर्थिक लाभ कमाने का कोई भी अवसर गंवाना नहीं चाहते। इसका जीता जागता उदाहरण डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ढारा में अनधिकृत रूप से संचालित आदर्श पब्लिक स्कूल का है। विगत 2 वर्षों से स्कूल का संचालन शासन से अनुमति के बिना किया जा रहा है। यही कारण है कि संस्था का अस्तित्व शासन के बेबसाइड में दिखाई नहीं देता। शासन से विधिवत अनुमति के बिना संस्था द्वारा कक्षा पहली से कक्षा पांचवी तक का संचालन विगत दो वर्ष से किया जा रहा था। जब पांचवीं बोर्ड परीक्षा में अनिवार्य युडाईस कोड की आवश्यकता पड़ी तो संस्था द्वारा ग्राम ढारा में संचालित अन्य शिक्षण संस्थान सरस्वती शिशु मंदिर के युडाईस कोड का उपयोग संस्था की बिना अनुमति के कर लिया गया। जिसकी शिकायत संस्था द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी से की गई। किंतु जांच के नाम से मामला अटका हुआ है।ग्राम ढारा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंधन द्वारा की गई शिकायत के अनुसार ग्राम ढ़ारा में संचालित आदर्श पब्लिक स्कूल द्वारा ग्राम ढ़ारा में ही संचालित एक अन्य विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर का युडाईस कोड (22090612802) का गलत उपयोग करते हुए केन्द्रीकृत परीक्षा 2025-26 में फर्जी तरीके से कक्षा पांचवी में विद्यार्थियों को बैठाया गया है। जो की पूर्णतः गलत है। जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव को दिए गए लिखित शिकायत पत्र में यह बातें सामने आई हैं कि आदर्श पब्लिक स्कूल द्वारा ग्राम ढारा में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंध समिति के बिना जानकारी व बिना अनुमति के युडाईस कोड का उपयोग किया गया तथा शाला प्रबंधन समिति से इसकी अनुमति भी नहीं ली गई थी। जिस पर सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय द्वारा अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए प्रशासन से आदर्श विद्या मंदिर की जांच कर विधि सम्मत कार्यवाही की मांग की गई है।

### विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को दी गई फर्जी अंकसूची

आदर्श पब्लिक स्कूल विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को फर्जी अंकसूची जारी किया गया है। जिसमें दूसरे स्कूल का युडाईस कोड का उपयोग तो किया ही गया लेकिन, पेन नंबर और छात्रों का अपार नंबर भी दर्ज नहीं है। अंकसूची में संस्था प्रमुख की सील मोहर हस्ताक्षर कुछ भी नहीं हैं। जिससे मामला गंभीर व संदेहास्पद हो जाता है।

### त्वरित कार्रवाई नहीं होने से सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंधन की नाराजगी बढ़ी

आदर्श पब्लिक स्कूल संस्था द्वारा किए गए कृत्य की जानकारी होते ही सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ के प्राचार्य प्रकाश यादव द्वारा भारी नाराजगी व्यक्त करते हुए डोंगरगढ़ प्रवास में पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री को घटना से अवगत कराया गया है। श्री यादव ने स्थानीय प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी संस्था के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंधन द्वारा शिकायत प्राप्त हुई है। इस संबंध में विकास खंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ को मंगलवार तक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### यूडीआईएसई कोड प्रत्येक स्कूलों के लिए अनिवार्य

यूडीआईएसई कोड (शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली) भारत में प्रत्येक मान्यता प्राप्त विद्यालय को भारतीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा आवंटित 11 अंकों का एक विशिष्ट पहचान संख्या है। यह शिक्षा मंत्रालय द्वारा भारत के प्रत्येक मान्यता प्राप्त या गैर-मान्यता प्राप्त स्कूल को ट्रैक और मॉनिटर करने के लिए दिया जाता हैं। यह कोड स्कूल का एक स्थाई पहचान कर्ता है।जिससे प्रत्येक स्कूल की भौगोलिक स्थिति और विवरण की पुष्टि होती है।इसके माध्यम से एकत्र किए गए डेटा (नामांकन, बुनियादी ढांचा, ड्रॉपआउट) का उपयोग सरकार द्वारा शिक्षा नीतियों और बजट योजनाओं के निर्माण में किया जाता है। छात्रवृत्ति प्राप्त करने, परीक्षाओं में बैठने और स्कूलों के बीच छात्रों के स्थानांतरण में इस कोड की आवश्यकता होती हैं।यह प्रणाली शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने और स्कूलों में सुविधाओं की निगरानी करने में मदद करती है।

# जनपद अध्यक्ष संजय सिंहा के नेतृत्व में सुनी गई प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' के 134 वें प्रसारण



छुरिया (दावा)। विकासखंड के ग्राम छुरिया डोंगरी में जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिंहा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला पुरुष और कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी की 134 वें मन की बात का प्रसारण। इस अवसर पर राजेश्वर ध्रुवे अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति छुरिया मौजूद रहे। सिन्हा ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मन की बात भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत एक लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम है। जिसके माध्यम से वे देशवासियों से सीधे संवाद करते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले प्रयासों, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों को सामने लाना है। 134वें प्रसारण में भी प्रधानमंत्री ने देश की उपलब्धियों, नागरिकों की प्रेरणादायक कहानियों तथा विभिन्न सामाजिक अभियानों पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश के युवाओं, किसानों, महिलाओं और नवाचार से जुड़े लोगों के योगदान की सराहना की। उन्होंने बताया कि भारत के नागरिक विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं और अपने प्रयासों से देश को नई ऊँचाइयों तक पहुंचा रहे हैं। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर भी विशेष चर्चा की गई।

134वें प्रसारण में प्रधानमंत्री ने जनभागीदारी की शक्ति पर जोर देते हुए कहा कि जब नागरिक किसी अभियान को अपना लेते हैं तो उसके परिणाम व्यापक और प्रभावशाली होते हैं। उन्होंने अनेक ऐसे उदाहरण साझा किए। जिनमें सामान्य लोगों ने असाधारण कार्य करके समाज में सकारात्मक बदलाव लाया है। इन कहानियों ने देशवासियों को प्रेरित करने के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी मजबूत किया। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री ने भारत की सांस्कृतिक विरासत, नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में हो रहे प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने नागरिकों से स्थानीय उत्पादों के उपयोग, तकनीकी नवाचार को अपनाने तथा देशहित में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। अंत में प्रधानमंत्री ने देशवासियों को राष्ट्र निर्माण की इस यात्रा में निरंतर सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया और सभी से सकारात्मक सोच तथा सामूहिक प्रयासों के साथ आगे बढ़ने की अपील की। 134वां प्रसारण एक बार फिर यह संदेश देने में सफल रहा कि भारत की प्रगति में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है और जनभागीदारी ही विकास का सबसे बड़ा आधार है। 'मन की बात' का 134वां प्रसारण देशवासियों को प्रेरित करने, सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक बनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने वाला रहा। यह कार्यक्रम नागरिकों और सरकार के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। जो सकारात्मक बदलाव और जनकल्याण की भावना को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर रूपलाल मांडवी, संतराम कोरम, झगडू राम भूपेन्द्र, लक्ष्मण, रमेश चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अर्जुनी के पदाधिकारियों की घोषणा, कार्यकर्ताओं में उत्साह




राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी मंडल अर्जुनी एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अर्जुनी के तत्वावधान में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवीन मंडल पदाधिकारियों की घोषणा की गई। यह घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन प्रदेश महामंत्री पवन साय तथा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू के निर्देशानुसार की गई।

भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलीप साहू एवं मंडल अध्यक्ष भुवनलाल साहू की अनुशंसा पर मंडल कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में देवलाल साहू को अध्यक्ष, गोपाल वैष्णव, हमीरचंद साहू, धनेश्वरी गोस्वामी, प्रभूदत्त सोनकर एवं हीरूराम साहू को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं डोमनलाल पटेल एवं मोहनलाल साहू को महामंत्री बनाया गया। इसके अलावा विभिन्न पदों पर मंत्री, कोषाध्यक्ष, सह-कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी, कार्यालय मंत्री प्रभारी, सांस्कृतिक प्रभारी तथा कन्या शक्ति संयोजिकाओं की नियुक्ति की गई। पदाधिकारियों की घोषणा के दौरान भाजपा एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने कहा कि संगठन की मजबूती और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में पिछड़ा वर्ग मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

पदाधिकारियों की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# प्रेस क्लब गंडई द्वारा थाना प्रभारी राजेश देवदास का आत्मीय सम्मान



गंडई (दावा)। सेवा का सफर जब ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल बन जाए, तो विदाई का पल भी एक यादगार विरासत बन जाता है। ऐसा ही नजारा शनिवार, 30 मई 2026 को गंडई थाने में देखने को मिला, जब गंडई थाना प्रभारी (निरीक्षक) राजेश देवदास के सेवानिवृत्त होने पर प्रेस क्लब गंडई द्वारा एक गरिमामय विदाई एवं सम्मान किया गया।

### राष्ट्रपति वीरता पदक विजेता के उत्कृष्ट सेवा काल को सलाम

अपने 4 दशकों से अधिक के लंबे और गौरवशाली पुलिस सेवा काल (14 नवंबर 1983 से 30 मई 2026) के दौरान राजेश देवदास ने हमेशा उत्कृष्ट कार्य शैली का परिचय दिया। बस्तर, दंतेवाड़ा और बीजापुर जैसे धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अदम्य साहस दिखाने के लिए उन्हें वर्ष 2019 में देश के प्रतिष्ठित 'राष्ट्रपति वीरता पदक' से भी नवाजा जा चुका है। उनके इसी बेदाग, समर्पित और प्रेरणादायक सेवा काल को रेखांकित करते हुए प्रेस क्लब गंडई ने उन्हें सम्मानित किया।

मोमेंटो, शाल और श्रीफल से आत्मीय अभिनंदन

सम्मान समारोह के दौरान प्रेस क्लब गंडई के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा थाना प्रभारी राजेश देवदास को स्मृति चिन्ह (मोमेंटो), शाल एवं श्रीफल भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और शांतिपूर्ण सेवानिवृत्त जीवन के लिए आत्मीय शुभकामनाएं दीं।

इस गरिमामय कार्यक्रम में विनोद नामदेव (अध्यक्ष, प्रेस क्लब गंडई), अवधेश मिश्रा (सचिव), रत्नेश कुलदीप (उपाध्यक्ष), रोहित देवांगन (कोषाध्यक्ष), हरिशंकर साहू (संरक्षक), सुखनंदन चतुर्वेदी (सदस्य), राजू दामोदर वैष्णव (सदस्य), नरेंद्र वर्मा (सदस्य), यावर नियाजी खान (सदस्य), चन्द्रेश महिलांगे (सदस्य) सहित गंडई के पत्रकार साथी और प्रेस क्लब की पूरी टीम मौजूद रही।

# शिवभक्ति में सराबोर रहा खैरागढ़ : हवन, रुद्राभिषेक और महाप्रसादी के साथ सम्पन्न हुई सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा



खैरागढ़ (दावा)। नगर के किल्लापारा स्थित गोपीनाथ मंदिर परिसर में स्वर्गीय भावना श्रीवास्तव की प्रथम पुण्यतिथि की पावन स्मृति में 18 मई से 25 मई तक आयोजित सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के बीच सम्पन्न हो गई। समापन अवसर पर विधि-विधान से हवन पूजन, शिव रुद्राभिषेक एवं महाप्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। सात दिनों तक पूरा खैरागढ़ शिवभक्ति में डूबा नजर आया और मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजता रहा। 18 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुए इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन शाम 4 से 7 बजे तक महाशिवपुराण कथा का आयोजन किया गया। खैरागढ़ नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे। कथा स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, घम्मन साहू, नीलांबर वर्मा, दिनेश वर्मा, सरस्वती यदु, गोरेलाल वर्मा, डॉ.अरुण भारद्वाज, आयश सिंह, आलोक श्रीवास, दीपक देवांगन, रूपेंद्र रजक, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नेताओं ने भी कथा स्थल पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

कथावाचक पंडित रूपेश कृष्ण मिश्रा ने अपनी ओजस्वी वाणी, प्रभावशाली शैली और सुमधुर भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरी संगीत नगरी शिवमय वातावरण में लीन दिखाई दी। कथा के दौरान उन्होंने शिवमहापुराण में वर्णित विभिन्न प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, संस्कार और मानव जीवन के मूल्यों का संदेश दिया। कथावाचक ने रुद्राक्ष की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि रुद्राक्ष भगवान शिव की कृपा, मानसिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है। वीरभद्र उत्पत्ति प्रसंग में राजा दक्ष के अहंकार और भगवान शिव के अपमान का उल्लेख करते हुए बताया गया कि अहंकार मनुष्य के पतन का कारण बनता है। सती जन्म एवं शिव-सती विवाह प्रसंग में त्याग, प्रेम और समर्पण की भावना को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया। वहीं गणेश विवाह प्रसंग में पारिवारिक मूल्यों और मंगल परंपराओं का महत्व समझाया गया।

कथा के दौरान कार्तिकेय जन्म एवं तारकासुर वध का प्रसंग श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। कथावाचक ने बताया कि देवताओं को तारकासुर के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय ने अवतार लिया और धर्म की रक्षा के लिए तारकासुर का वध किया। इस प्रसंग के माध्यम से धर्म की विजय और अधर्म के अंत का संदेश दिया गया। कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर शिवभक्ति में लीन नजर आए। समापन दिवस पर सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन पूजन एवं शिव रुद्राभिषेक सम्पन्न हुआ। इसके बाद शाम को आयोजक श्रीवास्तव परिवार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ लिया। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान साकेत श्रीवास्तव एवं समृद्धि श्रीवास्तव रहे। आयोजन को सफल बनाने में विमल कुमार श्रीवास्तव, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव व हर्षा श्रीवास्तव सहित श्रीवास्तव परिवार एवं नगरवासियों का विशेष सहयोग रहा।

# पहला कॉलम...

## टाटा ग्रुप ने किया स्पेशल डिविडेंड का ऐलान, हर शेयर पर मिलेंगे 11.70 रुपए

मुंबई। टाटा ग्रुप की दिग्गज आईटी कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज के निवेशकों के लिए एक बेहद शानदार और बड़ी खुशखबरी सामने आ रही है। कंपनी ने अपने शेयरधारकों को एक बड़ा तोहफा देते हुए बंपर स्पेशल डिविडेंड (विशेष लाभांश) देने का ऐतिहासिक फैसला किया है। शेयर बाजार में लिस्टिंग के बाद यह तीसरी बार होने जा रहा है जब कंपनी के शेयर एक्स-डिविडेंड के रूप में ट्रेड करेंगे। इस बार कंपनी अपने निवेशकों को डबल फायदा पहुंचाते हुए फाइनल डिविडेंड के साथ-साथ 'वन टाइम स्पेशल डिविडेंड' भी देने जा रही है। अगर आप भी इस मुनाफे का लाभ उठाना चाहते हैं, तो कंपनी ने इसके लिए अगले महीने की एक खास रिकॉर्ड डेट भी तय कर दी है।

स्टॉक एक्सचेंज को भेजी गई आधिकारिक सूचना में टाटा टेक्नोलॉजीज ने बताया है कि कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 2 रुपये की फेस वैल्यू वाले प्रति इक्विटी शेयर पर 8.35 रुपये का तगड़ा स्पेशल डिविडेंड देने की सिफारिश की है। इसके साथ ही, कंपनी अपने शेयरधारकों को 3.35 रुपये प्रति शेयर का फाइनल डिविडेंड भी देगी। इसका सीधा मतलब यह हुआ कि दोनों को मिलाकर कंपनी अपने निवेशकों को हर एक शेयर पर कुल 11.70 रुपये का बंपर डिविडेंड देने जा रही है। यदि आपके पास कंपनी के 100 शेयर हैं, तो सीधे आपके खाते में 1,170 रुपये का मुनाफा क्रेडिट किया जाएगा।

## 23 साल की मशहूर कटेंट क्रिएटर सयानी चक्रवर्ती का निधन

नई दिल्ली। सयानी चक्रवर्ती, जो अपने गांव से जुड़े थीम वाले वीडियो और जानवरों के प्रति अपने प्यार के लिए जानी जाने वाली एक लोकप्रिय सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर थी। उनका पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में दुखद परिस्थितियों में निधन हो गया है। पुलिस को कमरे के अंदर इस मशहूर कंटेंट क्रिएटर का शव लटका हुआ मिला तो उन्होंने उसे पोस्टमॉर्टम के लिए नजदीकी अस्पताल चिनसुराह इमामबाड़ा भेज दिया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। सयानी चक्रवर्ती की अचानक हुई मौत से परिवार गहरे सदमे में है और उनके फैंस उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

## लड़की को बचाने 5 कूदे, लड़की बच गई पांचों लोगों की हो गई मौत

कुरनूल। आंध्रप्रदेश के कुरनूल जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां की तुंगभद्रा नदी में एक लड़की को बचाने के चक्कर में पांच लोग नदी में कूद पड़े। इस दौरान पांचों लोगों की मौत हो गई लेकिन लड़की की जान बच गई। इस मामले की हर तरफ चर्चा हो रही है। कुरनूल जिले में तुंगभद्रा नदी में एक लड़की गिर गई थी। मिली जानकारी के मुताबिक, लड़की नाबालिग थी। अधिकारी से मिली जानकारी के मुताबिक, शनिवार शाम करीब 4.30 बजे नाबालिग लड़की नदी में अपने पैर धो रही थी। इसी दौरान वह फिसल गई और नदी में डूबने लगी। लड़की को बचाने के लिए पांच लोग नदी में कूद गए लेकिन वह डूब गए और उनकी मौत हो गई। हालांकि लड़की की जान को बचा लिया गया। मृतकों के बारे में जानकारी मिली है कि वह आस-पास के गांव के रहने वाले थे। जो पांच लोग डूबे हैं, उन्हें ढूंढने के लिए स्थानीय पुलिस ने राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम की मदद ली है और सर्च ऑपरेशन चलाया है। अइस घटना के सामने आने के बाद इलाके में इस बात की चर्चा है कि जान बचाने की कोशिश करने वाले 5 लोगों की मौत हो गई और लड़की की जान बच गई।

## नेपाल की सत्तारुढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रबी लामिछाने भारत आएंगे

नई दिल्ली। नेपाल की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रबी लामिछाने 1 और 2 जून को भारत की यात्रा पर आने वाले हैं. यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब नेपाल और भारत के संबंधों को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा जारी है और नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह की संभावित भारत यात्रा को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है. आरएसपी के मुताबिक लामिछाने को भारतीय जनता पार्टी की ओर से नई दिल्ली आने का निमंत्रण दिया गया है. इस दौरान उनकी भारतीय राजनीतिक नेतृत्व से मुलाकात हो सकती है. माना जा रहा है कि वह दोनों देशों के बीच राजनीतिक और कूटनीतिक सहयोग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे. हालांकि यात्रा के कार्यक्रम की आधिकारिक जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है. विशेषज्ञों का मानना है कि रबी लामिछाने की भारत यात्रा दोनों देशों के बीच संवाद को आगे बढ़ाने और राजनीतिक विश्वास मजबूत करने का अवसर बन सकती है. हालांकि सीमा और व्यापार जैसे कुछ जटिल मुद्दे अभी भी समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं. नई राजनीतिक ताकत के रूप में उभरी आरएसपी की विदेश नीति को लेकर भी क्षेत्रीय स्तर पर उत्सुकता बनी हुई है. माना जा रहा है कि उनका ये दौरा 5 दिन का हो सकता है और उनके साथ उनकी पत्नी भी भारत आएंगी. वे अयोध्या में राममंदिर के भी दर्शन कर सकते हैं.

# एशियन गेम्स ट्रायल के सेमीफाइनल में हारीं विनेश फोगाट, उभरती पहलवान मीनाक्षी गोयत ने दी शिकस्त



नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में चल रहे एशियाई खेलों के चयन ट्रायल से एक बेहद हैरान करने वाली और बड़ी खेल खबर सामने आ रही है। देश की स्टार और अनुभवी महिला पहलवान विनेश फोगाट को महिलाओं के 53 किलोग्राम भारवर्ग के एक कड़े मुकाबले में करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस बेहद रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में भारत की उभरती हुई युवा पहलवान मीनाक्षी गोयत ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए दिग्गज विनेश फोगाट को 6-4 से शिकस्त देकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस उलटफेर के बाद विनेश फोगाट के एशियाई खेलों में सीधे चयन के सपनों को बड़ा झटका लगा है।

आपको बता दें कि इन ट्रायल्स के दौरान विनेश फोगाट की मैट पर वापसी खेल जगत में काफी चर्चा का विषय बनी हुई थी। सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट के महत्वपूर्ण फैसलों के बाद कानूनी लड़ाई जीतकर उन्हें आखिरकार 53 किलोग्राम भारवर्ग में भाग लेने की अनुमति मिली थी, जिससे उनकी दावेदारी बेहद मजबूत मानी जा रही थी। शनिवार को हुए इन एशियन गेम्स सिलेक्शन ट्रायल्स में विनेश फोगाट ने अपनी शुरुआत बेहद आक्रामक और धमाकेदार अंदाज में की थी। उन्होंने शुरुआती दो मुकाबले जीतकर अपनी वापसी की उम्मीदों को पूरी तरह जिंदा रखा था। 53 किग्रा कैटेगरी के अपने पहले राउंड के मुकाबले में विनेश फोगाट ने हरियाणा की ज्योति को 7-1 के बड़े अंतर से आसानी से धूल चटाई थी। इसके बाद हुए दूसरे कड़े मुकाबले में उनका सामना निशु से हुआ। यह मुकाबला बेहद हाई-वोल्टेज और ड्रामे से भरपूर रहा। मैच खत्म होने तक दोनों पहलवानों का स्कोर 6-6 से पूरी तरह बराबर रहा था, लेकिन तकनीकी मानदंडों के आधार पर विनेश फोगाट को विजेता घोषित कर आगे बढ़ा दिया गया। इस मैच के आखिरी क्षणों में निशु ने एक शानदार 'टेक डाउन' का प्रयास किया था, लेकिन रेफरी द्वारा उन्हें अंक नहीं दिए गए। फैसले से असहमत निशु के कोच ने तुरंत इस निर्णय को चुनौती (चैलेंज) दी, लेकिन रिव्यू के बाद भी वे यह चैलेंज हार गए और विनेश फोगाट ने राहत की सांस ली। इस विवादास्पद फैसले से पूरी तरह स्तब्ध और निराश होकर निशु ने खेल भावना के विपरीत रेफरी और विनेश फोगाट से हाथ मिलाने तक से इनकार कर दिया था और काफी देर तक मैट पर ही भावुक होकर खड़ी रही थीं।

दो बेहद थका देने वाले मुकाबले जीतने के बाद विनेश फोगाट जब सेमीफाइनल के मंच पर उतरीं, तो युवा पहलवान मीनाक्षी गोयत ने उनके अनुभव पर अपनी फुर्ती और बेहतरीन तकनीक को हावी कर दिया। मीनाक्षी ने मुकाबले की शुरुआत से ही विनेश पर दबाव बनाए रखा और डिफेंसिव खेल के साथ-साथ सटीक अटैक किए। विनेश फोगाट ने मैच में वापसी की कई कोशिशें कीं, लेकिन मीनाक्षी गोयत ने उन्हें ज्यादा मौके नहीं दिए और अंततः 6-4 के स्कोर से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही मीनाक्षी ने फाइनल का टिकट कटा लिया है, जबकि विनेश फोगाट की इस अप्रत्याशित हार ने कुश्ती के जानकारों और उनके फैंस को हैरान कर दिया है।

## पाकिस्तान को मिला आईसीसी रैंकिंग में फायदा




नई दिल्ली। आईसीसी रैंकिंग एक बार फिर से अपडेट कर दी गई है। खास बात ये है कि काफी समय बाद वनडे मैच हुआ है, इसलिए यहां भी टीमों की रैंकिंग तो नहीं बदली है, लेकिन रेटिंग में उतार चढ़ाव जरूर हुए हैं। इस बीच अभी ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम पाकिस्तान के दौरे पर है, जहां तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का पहला मुकाबला पाकिस्तान ने अपने नाम कर लिया है, इससे उसे रैंकिंग में भी फायदा हुआ है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया की बी टीम इस वक्त खेल रही है, उसे हराकर पाकिस्तान में एक तरह से जश्न का माहौल बना हुआ है।

पाकिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलिया की रेटिंग 109 की थी और पाकिस्तान की रेटिंग 98 की थी। जिसमें अब बदलाव आ गया है। अब पहला मैच हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया की रेटिंग घटकर 107 की रह गई है, वहीं पाकिस्तान की रेटिंग 100 की हो गई है। सीरीज में पाकिस्तान ने बढ़त जरूर बना ली है, लेकिन अभी दो और मैच बाकी हैं।

पाकिस्तान के दौरे पर जो ऑस्ट्रेलियाई टीम गई हुई है, वो बहुत मजबूत नहीं है। पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड इस टीम का हिस्सा नहीं हैं। पहले टीम की कप्तानी मिचेल मार्श के पास थी, लेकिन जब वो चोटिल हो गए तो उनकी जगह जोश इंग्लिश को कमान दी गई। यानी ये ऑस्ट्रेलिया की एक तरह से बी टीम है। कई बड़े खिलाड़ी इसका हिस्सा नहीं हैं। इसलिए पाकिस्तान की जीत का मतलब ये नहीं है कि टीम ने बहुत अच्छा खेल दिखाया। मैच की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में केवल 200 ही रन बनाए। सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट ने 55 और मैट रेनशॉ ने 61 रन बनाए। बाकी कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। पाकिस्तान ने 42.3 ओवर में ही पांच विकेट पर जरूरी लक्ष्य हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया।

## वैभव सूर्यवंशी ने टीनएज बल्लेबाज का रिकॉर्ड अपने नाम किया



मुंबई। वैभव सूर्यवंशी ने रविवार को इतिहास रच दिया। आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन कर रहे वैभव किसी भी टी20 लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टीनएजर बन गए हैं।

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के 15 साल के इस बल्लेबाज को मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मैच में रिकॉर्ड अपने नाम करने के लिए सिर्फ 2 रनों की जरूरत थी। उन्होंने पारी के दूसरे ओवर में यह उपलब्धि हासिल की। विल जैक्स की गेंद पर दूसरा रन लेते ही उन्होंने आधिकारिक तौर पर टी20 टूर्नामेंट में किसी टीनएजर द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रनों का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया।

सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 के 14 मैचों में 483 रन बनाए हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में खुद को सबसे बेहतरीन युवा प्रतिभाओं में से एक के तौर पर स्थापित किया है। बिहार के इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने सीजन में अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। 15 वर्ष की उम्र होने के बावजूद उन्होंने तेज और स्पिन, दोनों तरह की गेंदबाजी के खिलाफ निडर होकर बल्लेबाजी की है और परिपक्वता दिखाई है।

टीनएज बल्लेबाजों का पिछला रिकॉर्ड देवदत्त पडिक्कल के नाम था। उन्होंने 2019-20 के सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कर्नाटक क्रिकेट टीम के लिए 19 साल की उम्र में 580 रन बनाए थे। पडिक्कल का यह स्कोर भारत के सबसे बड़े घरेलू टी20 टूर्नामेंट में बना था और लंबे समय तक इसे इस फॉर्मेट में किसी टीनएजर द्वारा किए गए सबसे बेहतरीन बल्लेबाजी प्रदर्शन माना जाता रहा।

तिलक वर्मा ने भी 2022 में मुंबई इंडियंस के लिए 19 साल की उम्र में 14 मैचों में 397 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका के युवा खिलाड़ी लुआन-ड्रे प्रिटोरियस ने 2024-25 के एसए20 सीजन में पार्ल रॉयल्स के लिए 12 मैचों में 397 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लैंड के विल स्मीड ने 2021 के वाइटैलिटी ब्लास्ट में समरसेट काउंटी क्रिकेट क्लब के लिए 19 साल की उम्र में 14 मैचों में 385 रन बनाए थे।

## क्रिकेट इवेंट के लिए तय हुईं सभी 8 टीमें, क्वालीफायर में 42वीं रैंक वाली टीम ने किया बड़ा उलटफेर



नई दिल्ली। जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक 20वें एशियन गेम्स का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिला और पुरुष दोनों के ही क्रिकेट इवेंट भी होंगे। इसमें महिला क्रिकेट इवेंट में हिस्सा लेने वाली सभी 8 टीमों के नाम फाइनल हो गए हैं।

जापान में इस साल आयोजित होने वाले 20वें एशियन गेम्स में महिला क्रिकेट इवेंट में कुल 8 टीमें हिस्सा लेंगी, जबकि पुरुष इवेंट में कुल 10 टीमें हिस्सा लेने वाली हैं। महिला क्रिकेट इवेंट में हिस्सा लेने वाली सभी 8 टीमें जहां 31 मई को तय हो गई तो वहीं अभी पुरुष इवेंट के लिए टीमों का तय होना बाकी है। टी20 फॉर्मेट में खेले जाने वाले एशियन गेम्स में क्रिकेट इवेंट के सभी मुकाबले नॉकआउट होंगे, महिलाओं के मुकाबलों की शुरुआत 17 सितंबर से होगी तो वहीं 22 सितंबर गोल्ड मेडल मैच खेला जाएगा। जापान की टीम ने जहां मेजबान देश होने के नाते पहले ही अपनी जगह पक्की कर ली थी तो वहीं भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश की महिला टीम ने रैंकिंग के आधार पर जगह बनाई। एशियन गेम्स 2026 का आयोजन इस बार जापान के आइची-नागोया में हो रहा है, जिसमें महिला क्रिकेट इवेंट के लिए बची तीन टीमों के नाम भी तय हो गए हैं। क्वालालंपुर में खेले जा रहे एशियन गेम्स 2026 महिला क्वालीफायर मुकाबलों में मलेशिया और थाईलैंड की टीम ने जहां फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के साथ मुख्य इवेंट के लिए अपनी जगह पक्की कर ली। वहीं जिस उलटफेर ने सभी को सबसे ज्यादा हैरान किया वह चीन की महिला टीम का जगह बनाना जो आईसीसी रैंकिंग में 42वें नंबर पर है। चीनी महिला टीम ने साल 2010 औ 2014 के एशियन गेम्स में हिस्सा लेने वाली नेपाल की महिला टीम के खिलाफ तीसरे स्थान को लेकर खेले गए मुकाबले में उन्हें डकवर्थ लुईस नियम के अनुसार 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। ये चीनी महिला

क्वालालंपुर में खेले गए एशियन गेम्स 2026 के महिला इवेंट के क्वालीफायर के फाइनल में पहुंचने वाली मलेशिया और थाईलैंड ने जहां मुख्य इवेंट के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया था, तो वहीं इस मैच में थाईलैंड की टीम ने मलेशिया को सिर्फ 54 रनों पर समेटने के साथ 9 विकेट से मुकाबले को फिर अपने नाम कर लिया। पुरुष इवेंट के लिए अभी तक मेजबान जापान के अलावा भारत, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीम जहां सीधे अपनी जगह पक्की कर चुकी है। वहीं बाकी की चार टीमों का फैसला नेपाल, चीन, मलेशिया, कतर, बहरीन, हांगकांग, ओमान और सिंगापुर की टीम के बीच में होना बाकी है।

## ज्योतिष चमत्कार ( 1 जून 2026 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 73 | 84 | 91 | 04 |
| मंगल | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 82 | 92 | 03 | 17 |
| बुध | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 93 | 02 | 18 | 20 |
| गुरू | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 01 | 19 | 29 | 36 |
| शुक्र | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 10 | 28 | 37 | 48 |
| शनि | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 26 | 39 | 47 | 56 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 24 | 31 | 43 | 51 |
| मंगल | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 32 | 42 | 52 | 60 |
| बुध | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 41 | 53 | 69 | 76 |
| गुरू | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 54 | 68 | 79 | 89 |
| शुक्र | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 67 | 70 | 87 | 96 |

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 2 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 3 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 4 | 8 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 47 | 86 | 95 | 01 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 0 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 9 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 2 | 3 | 4 | 8 |
| स्पेशल | 27 | 36 | 45 | 81 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 95 | 13 | 95 | 51 | 34 | 18 |
| 14 | 14 | 32 | 20 | 93 | 78 |
| 89 | 64 | 31 | 24 | 00 | 13 |
| 72 | 71 | 21 | 75 | 01 | 95 |
| | | | | | |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 71 | 34 | 48 | 25 | 66 |
| 79 | 04 | 68 | 01 | 85 |
| 79 | 96 | 22 | 30 | 93 |
| 11 | 37 | 78 | 05 | 06 |
| | | | | |

**जनवरी 2025 से जून 2026 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-86-92
1-245-227-777 2-228-499-688-444-3-166-4-400-888 5-122 -799-555, 6-466-222 7- 999 8-440-666 9-559-333 0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- -88
2025- -24-49-88-95 -99
1-146-777, 2-660-444,3-166 -111, 4-112-888, 5-366-447-555 6-222, 7-700-999, 8-189-288-666, 9-117-577- 333, 0-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**हिमाचल में दर्दनाक हादसा, भिलाई के..**

शुरू किया गया। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण बचाव अभियान में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। चंबा के पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी ने बताया, तीन शव बरामद किए गए हैं। कुल 8 लोग थे। दो परिवार थे, एक बेंगलुरु से और दूसरा छत्तीसगढ़ से और ड्राइवर स्थानीय निवासी था।

**बंगाल में फिर बड़ा बवाल, अभिषेक के...**

आई है। हालत बिगड़ती देख सुरक्षाकर्मियों और सहयोगियों ने तुरंत उन्हें संभाला और प्राथमिक उपचार के लिए ले गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। गौरतलब है कि हुगली की यह घटना टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले के ठीक एक दिन बाद घटी है। इससे पिछले ही दिन दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर में अभिषेक बनर्जी पर भी उग्र भीड़ ने हमला किया था। अभिषेक बनर्जी वहां चुनाव बाद हुई हिंसा के पीड़ितों से मिलने गए थे। उस दौरान प्रदर्शनकारियों, विशेषकर महिलाओं ने उन्हें चोर कहा था और उन पर कच्चे अंडे व पत्थर फेंके थे। इस हमले में अभिषेक बनर्जी की शर्ट भी फट गई थी। अभिषेक बनर्जी ने इस हमले को बीजेपी की सोची-समझी साजिश करार दिया था और मौके पर पुलिस के न होने का आरोप लगाया था। इस बीच, शनिवार को ही अभिषेक बनर्जी को सीआईडी का एक नोटिस भी मिला था। अब अगले ही दिन हुगली में सांसद कल्याण बनर्जी के सिर पर लगी चोट ने पश्चिम बंगाल की राजनीति को और ज्यादा गरमा दिया है। टीएमसी इस मामले को लेकर कानून-व्यवस्था पर सवाल उठा रही है, वहीं बीजेपी के साथ जमीनी टकराव लगातार बढ़ता जा रहा है।

**शुभेंदु सरकार के मंत्रीमंडल का विस्तार....**

महत्वपूर्ण राजनीतिक और प्रशासनिक कदम माना जा रहा है। बता दें कि 9 मई को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल आर. एन. रवि ने शुभेंदु अधिकारी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई थी। उनके साथ पांच अन्य नेताओं ने भी मंत्री पद की शपथ ली थी। इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, खुदीराम टुडू और निसिथ प्रमाणिक शामिल थे। संभावित

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

मंत्रियों की सूची में स्वपन दासगुप्त का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है। माना जा रहा है कि उन्हें शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी जा सकती है। इसके अलावा तपस राय, शंकर घोष, रुद्रनील घोष, शरद्वत टुडू, प्रणत टुडू, रूपा गांगुली, कल्याण चक्रवर्ती, चंदना बाउरी, जगन्नाथ चटर्जी, अशोक डिंडा और सुब्रत मैत्रा के नामों पर भी चर्चा चल रही है। हालांकि अंतिम फैसला अभी सामने नहीं आया है।

**नेपाली पीएम शाह बोले- हमने भी....**

दरअसल, विपक्षी दलों के सांसद लगातार मांग कर रहे थे कि प्रधानमंत्री संसद में आकर देश के महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी बात रखें। इसके बाद बालेन शाह ने संसद को संबोधित किया और सांसदों के सवालों के जवाब दिए। नेपाल में मार्च 2026 में बालेन शाह के प्रधानमंत्री बनने के बाद से भारत और नेपाल के बीच पारंपरिक कूटनीतिक और रणनीतिक संबंधों में काफी बदलाव और असहजता देखी गई है।

## रूस के ऊर्जा ठिकानों पर हमले के आरोप को कीव ने किया खारिज

नई दिल्ली। यूक्रेन ने शनिवार रात से रविवार तक रूस के ऊर्जा ठिकानों पर नए हमले किए। रूसी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। वहीं, कीव ने रूस के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि एक यूक्रेनी ड्रोन ने क्रेमलिन के कब्जे वाले एक अहम परमाणु संयंत्र पर हमला किया। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रूस के दक्षिण-पश्चिमी रोस्तोव क्षेत्र के गवर्नर यूरी स्ल्यूसर ने रविवार को टेलीग्राम पर बताया कि ड्रोन के मलबे से एक ईंधन भंडारण केंद्र में आग लग गई। उन्होंने कहा कि आसपास के घरों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। गवर्नर रोमन बुसार्गिन के अनुसार, ड्रोन हमलों से दक्षिण-पश्चिमी रूस के सारातोव प्रांत में नागरिक बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचा। स्वतंत्र रूसी समाचार चैनल एस्ट्रा ने बताया कि क्षेत्रीय राजधानी सारातोव में एक तेल रिफाइनरी में आग लग गई।

**निजी स्कूलों की मनमानी पर विजय....**

कि सरकार का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के नाम पर होने वाली किसी भी प्रकार की अवैध वसूली और व्यावसायिक लूट को पूरी तरह से रोकना है। यदि किसी भी छात्र के माता-पिता या अभिभावक को लगता है कि कोई स्कूल प्रबंधन नियमों के खिलाफ जाकर बहुत ज्यादा फीस वसूल रहा है या नोटिस बोर्ड पर नियमों का पालन नहीं कर रहा है, तो वे सीधे संबंधित जिला शिक्षा अधिकारियों के पास अपनी लिखित शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायतों की त्वरित जांच के लिए फ्लाइंग स्क्वाड का गठन भी किया जाएगा, जो स्कूलों का औचक निरीक्षण करेंगे।

***सामूहिक विवाह समारोह में भड़के विस अध्यक्ष....***

व्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के कई सदस्य बेमेतरा में मौजूद थे, लेकिन जिला प्रशासन उनकी गरिमा के अनुरूप व्यवस्था नहीं कर पाया। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कलेक्टर और एसपी को मैं साफ शब्दों में कहना चाहता हूं कि यह ठीक तरीका नहीं है। मुख्यमंत्री यहां मौजूद हैं और उनका पीछे से स्वागत किया जा रहा है। यह स्थिति प्रशासनिक गंभीरता पर सवाल खड़े करती है।

**0 ढाई घंटे में वैकल्पिक जगह तक नहीं ढूंढ पाए :** पूर्व मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मौसम खराब होने के बाद भी प्रशासन समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम और मंत्रिमंडल के साथी यहां बैठे रहे, लेकिन प्रशासन ढाई घंटे तक कोई वैकल्पिक स्थान नहीं ढूंढ पाया। इतनी जानकारी भी शायद अधिकारियों को नहीं थी कि प्रदेश का पूरा नेतृत्व यहां मौजूद है।

**0 15 साल मुख्यमंत्री रहा, ऐसी व्यवस्था नहीं देखी :** डॉ. रमन सिंह ने अपने लंबे प्रशासनिक अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने 15 वर्षों तक प्रदेश की कमान संभाली, लेकिन इस तरह की अव्यवस्था कभी नहीं देखी। उन्होंने कहा कि मैं 15 साल तक मुख्यमंत्री रहा, लेकिन इस तरह की व्यवस्था नहीं देखी। चलिए। अब वे सीख जाएंगे। यह नहीं होता तो शायद नहीं सीखते। मुझे जो कहना था, इसलिए मैंने कहा।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में विशेष जांच अभियान




खैरागढ़ (दावा)। खाद्य एवं औषधि प्रशासन रायपुर के निर्देशानुसार ग्रीष्म ऋतु में आमजनों को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त फल उपलब्ध कराने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के द्वारा जिले में विशेष जांच अभियान कलेक्टर जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।

अभियान का पर्यवेक्षण उप संचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा किया जा रहा है तथा अभिहित अधिकारी सिद्धार्थ पांडे के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक धृतलहरे के द्वारा जिले के विभिन्न फल विक्रय प्रतिष्ठानों, मंडियों एवं खाद्य व्यवसाय संचालकों का सघन निरीक्षण एवं जांच किया जा रहा है। उपरोक्त तीन दिवसीय अभियान के प्रथम दिन 27 मई को नया बस स्टैंड छुईखदान क्षेत्र स्थित विभिन्न फल विक्रेता प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लगभग 20 किलोग्राम सड़े-गले आम, 5 दर्जन केले तथा पपीता एवं अंगूर को मौके पर नष्ट कराया गया। निरीक्षण के दौरान एक गन्ना जूस सेंटर में गंदगी एवं खुले में रखी गई बर्फ के कारण खाद्य सुरक्षा संबंधी गंभीर अनियमितताएं पाई गई। जिसके चलते आवश्यक सुधार एवं साफ-सफाई सुनिश्चित होने तक उक्त प्रतिष्ठान के संचालन पर तत्काल रोक लगाते हुए उसे बंद कराया गया। अभियान के दूसरे दिन 28 मई को इतवारी बाजार एवं पुराना बस स्टैंड क्षेत्र स्थित विभिन्न फल विक्रेता प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान लगभग 15 किलोग्राम सड़े-गले आम, 20 दर्जन केले तथा 3 तरबूज को मौके पर नष्ट कराया गया। इसी क्रम में तीसरे दिन 29 मई को गंडई तहसील के अंतर्गत आने वाले खंडेलवाल फल भंडार वार्ड नंबर 7 मंदिर के पीछे के प्रतिष्ठान में निरीक्षण किया गया। उपरोक्त प्रतिष्ठान में बिना खाद्य एवं पंजीयन के बहुत अधिक मात्रा में हानिकारक केमिकल से पकाने हेतु फल भंडारण किया गया था। उपरोक्त परिसर में छापा मार कार्यवाही करते हुए विभागीय अधिकारियों के द्वारा पैक्ड गोल्डन टच एथिलीन रिपनर, पैक्ड टैग पूरन 3 प्रतिशत, प्रिपेयर्ड टैगपान लिक्विड, कच्चा केला, कच्चा आम का नमूना जांच हेतु लिया गया एवं हानिकारक केमिकल से पकाए जाने के कारण अस्वच्छकर परिस्थितियों में भंडारीत 60 केरट केला को जप्त किया गया। जिसका अनुमानित मूल्य 50 से 60000 के बीच है। निरीक्षण के दौरान सभी विक्रेताओं को स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन अद्यतन रखने तथा केवल ताजे एवं गुणवत्तापूर्ण फलों के विक्रय के निर्देश दिए गए।

अभियान के दौरान फलों के सुरक्षित रखरखाव, स्वच्छ भंडारण, खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन तथा कृत्रिम रूप से फल पकाने या आकर्षक बनाने हेतु उपयोग किए जाने वाले रसायनों एवं कृत्रिम रंगों की भी जांच की जा रही है। खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। अभिहित अधिकारी सिद्धार्थ पांडे ने कहा कि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। खाद्य सुरक्षा एवं जनस्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि फल एवं अन्य खाद्य सामग्री खरीदते समय उनकी गुणवत्ता, ताजगी एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी प्रकार की खाद्य सुरक्षा संबंधी शिकायत होने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचित करें।

# सुशासन तिहार 2026: नारायण के लिए खुशियों से भरा रहा सुशासन तिहार



जनसमस्या निवारण शिविर में तत्काल मिला निःशुल्क ड्रायविंग लाईसेंस

राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तुमड़ीबोड़ में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर ग्राम आलीखूंटा के निवासी नारायण लाल चंद्रवंशी के लिए खुशियों भरा रहा। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग की ओर से तत्काल निःशुल्क ड्रायविंग लाईसेंस बनाकर दिया गया।

इस दौरान ड्राइविंग लाईसेंस की प्रक्रिया आसानी से पूरी हो गई। नारायण लाल ने बताया कि, उनके पास कार है और पिछले कुछ दिन पहले वे ड्राईविंग लाईसेंस बनवाना चाहते थे। निःशुल्क ड्राईविंग लाईसेंस बन जाने से अब उन्हें आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर गरीब एवं जरूरतमंदों के लिए फायदेमंद है। उन्होंने अपने मित्रों एवं परिवारजनों को भी शिविर का लाभ लेने और निःशुल्क ड्राइविंग लाईसेंस बनवाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में आयोजित शिविर में आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न तरह के कार्य किए जा रहे है और जनमानस को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी मिल रही है। शिविर में सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में शासन की लोकहितकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, जिससे जनसामान्य जागरूक हो रहे है।

## बच्ची और महिला की मौत

राजनांदगांव (दावा)। जिले में बच्ची और महिला की मौत हुई है, पहली घटना बोरतलाव थाना क्षेत्र के ग्राम फक्कीटोला की है। जानकारी के अनुसार 50 वर्षीय महरीन बाई तारम अपने घर में धान उड़ाने वाले पंखे के पास काम कर रही थीं। इसी दौरान तेज आंधी के कारण पंखा अचानक गिर गया। पंखे की चपेट में आने से उनके सिर में गंभीर चोट लगी और वे लहूलुहान हो गईं। परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लेकर रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

# सुशासन तिहार : मालती ने निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनने पर खुशी जाहिर की



आर्थिक रूप से इलाज के लिए मिलेगा सहयोग
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को दिया धन्यवाद

राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को दूरस्थ अंचलों तक पहुंचाने में कारगर साबित हो रहा है। शिविर में संवेदनशीलतापूर्वक शासन-प्रशासन द्वारा जनमानस की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।

सुशासन तिहार अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम जोब में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर ग्राम ताड़कसा की श्रीमती मालती बाई के लिए राहत भरा रहा। उन्होंने शिविर में निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद के लिए आयुष्मान कार्ड एक बड़ी मदद के समान है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से आयुष्मान कार्ड बन जाने से अब निःशुल्क इलाज हो सकेगा। आर्थिक रूप से इससे इलाज के लिए सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाने के लिए सरकार की यह योजना बहुत उपयोगी है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि शिविर में आने से शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी मिल रही है।

वही लर्निंग लाईसेंस, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड जैसे कार्य तत्काल हो रहे हैं। जिससे जनसामान्य को आसानी से इन सुविधाओं का लाभ मिल पा रहा है। ऐसे दूरस्थ क्षेत्र में जन समस्या निवारण शिविर के आयोजन से आमजन सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत हो रहे हैं और इसका लाभ लेने के लिए जागरूक हो रहे है।

# कांग्रेस केवल राजनीतिक दल नहीं, कार्यकर्ताओं के सम्मान और संस्कारों का परिवार : यशोदा वर्मा



खैरागढ़ विधायक की अनूठी पहल : वरिष्ठ कांग्रेसी तीर्थ दर्शन यात्रा के तहत पहुंचे हरिद्वार, ऋषिकेश और दिल्ली

खैरागढ़ (दावा)। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को विधानसभा क्षेत्र में दशकों से अपने समर्पण, संघर्ष एवं निष्ठा से सींचकर मजबूत करने वाले बुजुर्ग कांग्रेसियों के सम्मान में खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने एक अनूठी पहल की है। विधायक की ओर से वरिष्ठतम कार्यकर्ताओं के लिए तीर्थ दर्शन यात्रा का विशेष आयोजन किया गया। जिसके तहत उन्हें शांतिकुंज हरिद्वार, ऋषिकेश एवं देश की राजधानी दिल्ली का भ्रमण कराया गया। यह यात्रा केवल एक धार्मिक और पर्यटन दौरा नहीं, बल्कि कांग्रेस परिवार के उन समर्पित बुजुर्ग सिपाहियों के प्रति सम्मान, आदर और कृतज्ञता का प्रतीक है। जिन्होंने अपना पूरा जीवन विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी का झंडा बुलंद रखने और कांग्रेस की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने में समर्पित कर दिया।

### 65 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग कार्यकर्ता हुए शामिल

विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा के विशेष प्रयास से आयोजित इस यात्रा में क्षेत्र के लगभग 65 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठतम कांग्रेसजनों को शामिल किया गया। यात्रा के दौरान शांतिकुंज हरिद्वार की आध्यात्मिक ऊर्जा, ऋषिकेश के पावन गंगा तट की अद्भुत अनुभूति और दिल्ली के ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन पाकर सभी बुजुर्ग कार्यकर्ता भावुक और उत्साहित नजर आए। विधायक ने इस आयोजन के जरिए संदेश दिया है कि कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकर्ताओं और बुजुर्गों के मान-सम्मान की संस्कृति को सदैव जीवित रखती है। हमारे वरिष्ठ कार्यकर्ता हमारी असली पूंजी हैं। इस यात्रा के माध्यम से जहां बुजुर्गों को सम्मान मिला है। वहीं युवा कार्यकर्ताओं में यह विश्वास मजबूत हुआ है कि संगठन के प्रति निष्ठा, सेवा और समर्पण का मूल्य कांग्रेस में हमेशा सर्वोपरि रहता है।

### विधायक की पहल से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, जताया आभार

इस यात्रा की सफलता के बाद खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के समस्त कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों और जमीनी कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ है। कार्यकर्ताओं ने विधायक के इस सराहनीय कार्य की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। स्थानीय कांग्रेस नेताओं का कहना है कि विधायक यशोदा वर्मा का यह प्रयास केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि कांग्रेस परिवार को भावनात्मक रूप से जोड़ने, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सम्मान को नई पहचान देने तथा आने वाली पीढ़ी को संगठनात्मक समर्पण का पाठ पढ़ाने वाला एक ऐतिहासिक कदम है। इस प्रकार के आत्मीय प्रयास संगठन को धरातल पर और अधिक एकजुट तथा मजबूत बनाने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# सुशासन तिहार 2026 के तहत बैंकों द्वारा जिला स्तरीय मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन




एक माह में बैंकों ने स्वीकृत किए लगभग 49 करोड़ रुपए के ऋण, स्वरोजगार और उद्यमिता को मिला बढ़ावा

मोहला(दावा)। सुशासन तिहार 2026 के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के सभी बैंकों द्वारा शुक्रवार को आरसेटी भवन मानपुर में जिला स्तरीय मेगा क्रेडिट कैंप का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर, एसडीएम मानपुर श्री अमित योगी, सीईओ जनपद पंचायत मानपुर श्री मोहम्मद हनीस, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री आर.के. गुप्ता, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में बैंक ऑफ बड़ौदा के चीफ मैनेजर एवं लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री के.एम. सिंह ने मेगा क्रेडिट कैंप के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सुशासन तिहार के दौरान इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को बैंक ऋण योजनाओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने जानकारी दी कि सुशासन तिहार 2026 के दौरान 1 मई से 28 मई 2026 तक जिले के विभिन्न बैंकों द्वारा कुल 48 करोड़ 99 लाख रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। इनमें किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत लगभग 39 करोड़ रुपये, स्वयं सहायता समूहों को सवा करोड़ रुपये, पीएमईजीपी योजना में 25 लाख रुपये, व्यक्तिगत ऋण के रूप में 5 करोड़ रुपये, मुद्रा योजना के तहत 3 करोड़ रुपये तथा एंटरप्राइज फाइनेंस के अंतर्गत 15 लाख रुपये के ऋण शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने जिले के स्थानीय उत्पादों एवं संसाधनों पर आधारित व्यवसायों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों को स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती भारती चंद्राकर ने अपने सहज एवं छत्तीसगढ़िया अंदाज में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए स्वरोजगार एवं व्यवसाय के लिए बैंक ऋण का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं और बैंकिंग सुविधाओं का समुचित उपयोग कर लोग आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं।

कार्यक्रम के समापन पर कलेक्टर ने मेगा क्रेडिट कैंप के सफल आयोजन के लिए जिले के सभी बैंकरों एवं संबंधित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# आधार अद्यतन कराना जरूरी, बच्चों के बायोमैट्रिक अपडेट की सुविधा 30 सितंबर 2026 तक निःशुल्क




**मोहला । आधार केवल 12 अंकों की संख्या नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की विशिष्ट पहचान है। वर्तमान समय में आधार हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। बैंकिंग सेवाएं, पेंशन, राशन, छात्रवृत्ति, आयुष्मान योजना, गैस सब्सिडी, मोबाइल सिम सत्यापन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं में आधार की महत्वपूर्ण भूमिका है।**

आधार से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय समय-समय पर आधार अद्यतन कराना है। यदि किसी नागरिक ने पिछले 10 वर्षों के भीतर अपना आधार अपडेट नहीं कराया है, तो आधार निष्क्रिय होने की संभावना बढ़ जाती है, जिससे विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो सकती है। 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार माता-पिता के बायोमेट्रिक के आधार पर बनाया जाता है। बच्चा जब 5 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेता है, तब उसका बायोमेट्रिक अद्यतन कराना अनिवार्य होता है। इसी प्रकार 15 से 17 वर्ष की आयु के दौरान भी बायोमेट्रिक अपडेट आवश्यक है। समय के साथ व्यक्ति की आंखों, उंगलियों के निशान एवं चेहरे की बनावट में परिवर्तन होता है, इसलिए आधार का बायोमेट्रिक अद्यतन समय-समय पर कराया जाना जरूरी है, ताकि हितग्राही विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें। अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (स्क्क) 5 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर तथा 15 से 17 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर कराया जाना आवश्यक है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा 30 सितंबर 2026 तक बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट को निःशुल्क किए जाने की घोषणा की गई है। इसके पश्चात बायोमेट्रिक अपडेट कराने पर निर्धारित शुल्क देय होगा।

जिला प्रशासन ने नागरिकों एवं पालकों से अपील की है कि वे समय रहते आधार अद्यतन एवं बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट अवश्य कराएं, ताकि भविष्य में किसी भी शासकीय सेवा एवं योजना का लाभ लेने में असुविधा न हो।

# सुशासन को मजबूत बनाने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के संचालन हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न




मुख्यमंत्री सहायता हेल्पलाइन 1076 से जन शिकायतों के समाधान में आएगी अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही
शासन-जनता के बीच भरोसे का मजबूत सेतु बनेगी मुख्यमंत्री सहायता हेल्पलाइन 1076

मोहला(दावा)। सुशासन एवं अभिसरण विभाग के तत्वावधान में मुख्यमंत्री सहायता हेल्पलाइन 1076 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन शिकायतों के समयबद्ध निराकरण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती भारती चंद्राकर, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, डिप्टी कलेक्टर डीआर ध्रुव, एसडीएम मोहला हेमेंद्र भुआर्य, सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सुशासन एवं अभिसरण विभाग की ओर से राकेश कुमार गोलछा तकनीकी विशेषज्ञ ने प्रशिक्षण में अधिकारियों को हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण की प्रक्रिया, ऑनलाइन मॉनिटरिंग व्यवस्था तथा नागरिक सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को शिकायत प्रबंधन प्रणाली के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए सुशासन की दिशा में हेल्पलाइन की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तृत चर्चा किया गया। अधिकारियों ने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारियों को विभागीय कार्यप्रणाली में प्रभावी रूप से लागू करने तथा आम नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर अधिकारियों ने मुख्यमंत्री सहायता हेल्पलाइन 1076 को शासन और जनता के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु बताते हुए कहा कि शिकायतों के त्वरित निराकरण से आमजन का शासन के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

## हेल्थकेयर एवं टेलीकॉम विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रमाण पत्र वितरण किया गया



हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार बालोद (छ.ग.) के 11वीं और 12वीं के ट्रेड हेल्थकेयर और टेलीकॉम के छात्र-छात्राओं में 10 दिन की इंटर्नशिप पुरी की जिसके बाद विद्यालय के द्वारा उन छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन विद्यालय के प्राचार्य के.के. साहू एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण तेजनारायण साहू (हेल्थकेयर) व डीके जंघेल (टेलीकॉम) द्वारा बच्चों का प्रशिक्षण करवाया गया। इंटर्नशिप के दौरान हेल्थ केयर के विद्यार्थियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिनकापार में अस्पताल की कार्य प्रणाली, प्राथमिक उपचार, टीकाकरण, बैंडेजिंग, इंजेक्शन लगाना, बेड मेकिंग, बीएमडब्ल्यू, ब्लड टेस्ट करना, वाइटल साइन, ब्लड ग्रुप जांच एवं महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं एवं टेलीकॉम के विद्यार्थियों को शिवम कंप्यूटर इंस्टिट्यूट पिनकापार में कंप्यूटर व मोबाइल रिपेयरिंग, इंटरनेट संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

# रैंप योजना के तहत बैंकर्स-उद्यमी संवाद कार्यक्रम आयोजित

मोहला(दावा)। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी द्वारा बैंकर्स के सहयोग से रैंप योजना के अंतर्गत 29 मई को विकासखंड मानपुर में बैंकर्स-उद्यमी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिले के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों, महिला स्व-सहायता समूहों तथा पीएमएफएमई एवं पीएमईजीपी योजनाओं के हितग्राहियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारियों ने सहभागिता करते हुए उद्यमियों को वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं, मुद्रा योजना तथा सीजीटीएमएसई के लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान प्रतिभागियों को बैंक अधिकारियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला, जिसमें उन्होंने अपने व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को साझा किया।

बैंक अधिकारियों ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। कार्यक्रम के दौरान कई ऋण प्रस्तावों पर प्रारंभिक कार्यवाही भी की गई। साथ ही सफल उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए नए एवं भावी उद्यमियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने कहा कि स्वरोजगार केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम नहीं है, बल्कि युवाओं को रोजगार प्रदाता बनने का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने जिले के अधिक से अधिक युवाओं एवं महिलाओं से शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

# घुमका के विकास का श्रेय लेने की होड़ में कांग्रेस, सच्चाई जनता के सामने है - उपमुख्यमंत्री अरुण साव






घुमका (दावा)। नगर पंचायत घुमका में आयोजित भाजपा की विशाल चुनावी जनसभा में इस बात का सबूत रही की घुमका की जनता भाजपा प्रत्याशी किरण वर्मा एवं पंद्रह पार्षदों को विजयी बनाने का मन बना चुकी है। छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभा में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए नेताओं ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के मुद्दों पर जनता का समर्थन मांगा।

विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता को गुमराह करने के लिए बार-बार यह दावा किया जा रहा है कि घुमका को नगर पंचायत का दर्जा कांग्रेस सरकार ने दिया। जबकि वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने मंच से राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना की तिथि का उल्लेख करते हुए कहा कि घुमका को नगर पंचायत का दर्जा भाजपा शासन काल में 4 नवंबर 2024 को प्रदान किया गया था। श्री साव ने कहा कि नगर पंचायत गठन की प्रक्रिया उनके हस्ताक्षर से पूर्ण हुई थी तथा यह निर्णय तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के विशेष आग्रह और वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सहयोग से भाजपा सरकार के कार्यकाल में लिया गया था। उन्होंने भूपेश बघेल के झूठ का पर्दाफाश किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को झूठी वाहवाही लेने के बजाय जनता को तथ्य बताने चाहिए। भाजपा ने हमेशा विकास कार्यों को राजनीति से ऊपर रखकर जनता के हित में निर्णय लिए हैं। घुमका को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने से लेकर क्षेत्र के विकास कार्यों तक भाजपा की भूमिका स्पष्ट और प्रमाणित है। पिछले एक वर्षो मे भाजपा ने घूमका के विकाश के लिए आठ करोड़ पच्चीस लाख तिरानबे हजार रुपये प्रदान किये है। जो की प्रमाणिक तथ्य है। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के सहयोग से घुमका में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, स्वच्छता, पेयजल, सड़क और जनसुविधाओं के क्षेत्र में तेजी से कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लिखा है कि वह अपनी घोषणाओं को पूरा करने का 'प्रयास' करेगी। जबकि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में स्पष्ट रूप से कहा है कि जो वादे किए गए हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा। यही भाजपा और कांग्रेस की कार्यशैली का सबसे बड़ा अंतर है। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि भाजपा की पहचान विकास, पारदर्शिता और जनसेवा है। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। सभा में उपस्थित जनसमूह का उत्साह और समर्थन यह दर्शा रहा था कि घुमका की जनता विकास और सुशासन के मुद्दे पर भाजपा के साथ मजबूती से खड़ी है। भाजपा नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि नगर पंचायत चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जनादेश प्राप्त होगा और घुमका विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। कार्यक्रम मे विशेष रूप से ललित चंद्राकर, कोमल सिंह राजपूत, जितेंद्र वर्मा, रामजी भारती, विनोद खांडेकर, जितेंद्र साहू, अंजू त्रिपाठी, किरण वैष्णव, पुष्पा गायकवाड़, कोमल जंघेल, सौरभ कोठारी, डिगेश साहू, नरेंद्र साहू, किरण साहू, लुणकरण सहित देवतुल्य जनता जनार्दन उपस्थित थे।

# आज घुमका नगर पंचायत चुनाव के लिए मतदान, प्रशासन ने पूरी की व्यापक तैयारियां



घुमका (दावा)। नगर पंचायत घुमका में आज, सोमवार 1 जून को होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव के मतदान के लिए निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में राजनीतिक दलों ने अपनी पार्टी को जीत दिलाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। जिसके कारण क्षेत्र में राजनीतिक माहौल काफी गरमाया हुआ है। इस स्थिति को देखते हुए और मतदाताओं में सुरक्षा की भावना जगाने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। नगर पंचायत घुमका में निर्भीक, पारदर्शी और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन और मार्गदर्शन में रविवार को नगर में एक भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया।

## 140 से अधिक जवानों ने किया शक्ति प्रदर्शन, सुरक्षा का दिया संदेश

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के नेतृत्व में निकाले गए इस फ्लैग मार्च में 140 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। पुलिस बल ने नगर के प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों से गुजरते हुए शक्ति प्रदर्शन किया और आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे बिना किसी डर या प्रलोभन के, निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाएं। राजनांदगांव पुलिस ने फ्लैग मार्च के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने के लिए विभाग पूर्णतः प्रतिबद्ध है। मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि, अशांति फैलाने या कानून व्यवस्था को भंग करने के प्रयासों पर पुलिस द्वारा कड़ी और त्वरित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर लिया सुरक्षा का जायजा

चुनाव के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने घुमका के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों और मतदान केंद्रों का सघन भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान क्षेत्र के असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी दी गई है कि यदि मतदान के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी की कोशिश की गई तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए जाएंगे। मतदान प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए पोलिंग बूथों पर व्यापक सुरक्षा बल तैनात किया गया है। इस फ्लैग मार्च और सुरक्षा समीक्षा के दौरान राजनांदगांव जिले के कई वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी जमीन पर मुस्तैद नजर आए। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती मंजूलता बाज, डीएसपी एंब्रोस कुजूर, एसडीओपी डोंगरगढ़ केसरी नंदन नायक, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, नायब तहसीलदार अब्दुल वसीम सिद्दीकी, चौकी सुकुलदैहान प्रभारी निरीक्षक भूषण चंद्राकर, चौकी चिचोला प्रभारी निरीक्षक योगेश पटेल, चौकी मोहरा प्रभारी निरीक्षक सुमेंद्र खरे, रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खेतों में लगी आग आंधी के चलते लिया विकराल रूप





**किसान पुआल या पैरा में आग न लगाएं- बन सकता है दावानल**

डोंगरगांव (दावा)। शनिवार शाम शहर के मटिया से करियाटोला मार्ग पर खेतों में लगी आग दावानल की तरह फैलने से पूरे शहर में सनसनी फैल गई. 30 मई को इस क्षेत्र के एक खेत में किसी किसान ने धान कटाई के बाद खेत में फैले पैरा में आग लगाया था, जो शाम की तेज आंधी के चलते कई खेतों में फैलकर भयावह हो गई. आंधी-तूफान के बीच इन खेतों के किसानों को आग लगने की खबर लगी, जिसके बाद आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की सुध आयी. इधर आग का दायरा आगे बढने् से रोकने के लिए के लिए प्रकाश, प्रेम पटेल, प्रेम गोस्वामी सहित अन्य किसान लगे रहे लेकिन हवा की रफ्तार के चलते आग तेजी से फैलती रही और अनेक खेतों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बड़ी मात्रा में पशुओं का चारा जलकर खाक हो गया. इस दौरान मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी, मीडियाकर्मी और सिद्दीक बडगुजर ने एबीस से फायर ब्रिगेड बुलवाया. साथ ही नगर पंचायत की ओर से टेंकर में पानी भरकर मौके पर पहुंचा, तब जाकर जैसे तैसे देर रात्रि आग को काबू पाया गया. इस पूरे ऑपरेशन में नगर पंचायत टेंकर के साथ पहुंचे कोमल रगड़े और सोनू साहू और एबीस की ओर से पहुंचे फायर ब्रिगेड में दीपक यादव, विमल साहू ड्रायवर, लक्ष्मण साहू का भरपूर योगदान रहा.

## खेतों में आग न लगाएं किसान

क्षेत्र में धान का फसल बहुतायात मात्रा में लगाया जाता है और फसल कटाई के बाद खेत में बचे पुआल या पैरा को पशुओं के चारा के लिए इस्तेमाल किया जाता था लेकिन अब किसान इस सूखे चारा को खेत में ही आग लगाने लगे हैं, जिससे हर तरफ नुकसान देखने मिल रहा है. वहीं आग फैलने के बाद रिहायशी इलाकों में भी फैलने का डर हमेशा बना रहता है. फिर चाहे पर्यावरण का नुकसान हो या फिर इस तरह तेज आंधी तूफान में अनियंत्रित होकर चारों ओर आग फैलने से होने वाला नुकसान. सबसे बड़ी परेशानी बिजली बंद होने के बाद फायरब्रिगेड की गाड़ी के अलावा किसी भी प्रकार से आग बुझाने का कोई रास्ता नहीं बचता ऐसे में आग फैलने पर किसानों के मोटर, पंप, खड़ी फसल सहित अनेक नुकसान सामने आते हैं. शासन-प्रशासन की ओर से खेतों में आग लगाने को लेकर लगातार समझाईस भी दी जाती है किन्तु इस पर लगाम नहीं लगाया जा सका है जबकि इस समस्या का हल ग्राम स्तर पर ही पाबंदी और जुर्माना लगाकर भी किया जा सकता है.

**दैनिक दावा**

**मासिक बिल**

माह- मई 2026

| प्रति दिन | दर | राशि |
| --- | --- | --- |
| 31 दिन | 4 रु. प्रति | 124/- |
| | योग | 124 रु. |

व्यवस्थापक

**बेचना हैं**

चिखली थाना के पीछे दीनदयाल कॉलोनी में एक प्लाट (साईज 20x50 वर्ग फीट) डायवर्सन, भवन अनुज्ञा एवं बोर किया हुआ है जिसे शीघ्र बेचना हैं।

-: संपर्क :-
मो.-8103434815

**आवश्यकता है**

AB फाइनेंस सर्विस टेली कॉलिंग के लिए 2 पद लड़कियों के लिए। वेतन 5000/- से 8000/-

- संपर्क करें -
पता-दिग्विजय कॉलेज रोड गोपी बर्तन दुकान के पास, राजनांदगांव
मो. 8962993342


(हेमंत साहू) 98271-56852 94241-15737

**शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग**

- हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु संपर्क करें
- सभी प्रकार के सबमर्सिबल पंप के विक्रेता
- पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा

नंदई, कुआं चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

" संवेदना है, भावना है, एहसास है माँ, जीवन के फूलों मे खुशबू का वास है माँ "



**श्रीमती पुष्पा देवी मोटलानी**

जन्म : 1 जून 1951

(धर्मपत्नी - श्री सांवलदास मोटलानी)

के 75वें जन्मोत्सव पर

शत् शत् नमन्...

माँ के लाड़ले

महेश-भावना, अंब्रिक-मोनिका, मनोहर-भाविका, संतोष-कीर्तन, रघुवीर-सिमरन (बेटे-बहु), तृप्ति-मनोज भागवानी (बेटी-दामाद), गणेश, कार्तिक, ओमेश, कपिल, शुकदेव, अलौकिक, बसंत, सुकून, पारस, गायत्री, रोमिका, मिताली (पोते-पोती)

मोटलानी परिवार राजनांदगांव (छ.ग.)




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com